
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 358 | ग्वालियर, 26 अक्टुबर, गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### हमास से जंग में अमेरिका, ब्रिटेन समेत तमाम पश्चिमी देश इजरायल का ही क्यों कर रहे हैं समर्थन



अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों का इजरायल को समर्थन मिलने के कई कारण हैं. हमास ने सात अक्टूबर को इजरायल पर हमला किया. उस हमले में 14 सौ से अधिक लोग मारे गये. वो हमला एक तरीके से नृशंस हत्या थी. हमास की सेना ने इजरायल की सीमा में घुसकर हमला किया. जो लोग इस हमले में मारे गये, वे इजरायल के सैनिक नहीं थे, आम लोग थे. वे लोग 200 से ज़्यादा लोगों को क़ब्ज़े में लेकर हमास के इलाके में चले गये.निश्चित तौर से इसी वज्ह से इजरायल को पहली सहानुभूति मिली. यह एक उकसावे वाली घटना थी. इजरायल भी इस इलाके से उतना ख़तरा महसूस नहीं करता था. इस कारण से इस इलाके में सुरक्षा चाक-चौबंद नहीं था. इजरायल की सेना ख़तरों को ज़्यादा अच्छे से भांपती है. इस तरफ़ से उन लोगों को लग रहा था कि ज़्यादा ख़तरा नहीं है.

**इजरायल के प्रति सहानुभूति की लहर**-ऐसे में जिस तरह की घटना हुई, पूरी दुनिया में इजरायल के प्रति सहानुभूति की लहर गयी. भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उस हमले को आतंकवादी हमला क़रार दिया. इस आतंकी हमले कि जितनी ज़्यादा से ज़्यादा निंदा हो सकती है, उतनी की. उन्होंने कहा भी कि पूरी दुनिया को आतंकवाद के ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद करनी चाहिए. दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत की इस आवाज़ को महत्ता मिली और इजरायल को उसेस सहानुभूति भी मिली. अमेरिका हो या यूरोप के तमाम देश, इजरायल के पक्ष में खड़े हो गये.

### दिल्ली सरकार के मंत्रालयों में बड़ा फेरबदल, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के विभाग एक-दूसरे से बदले



दिल्ली सरकार के मंत्रालयों में बड़ा फेरबदल किया गया है. अब सौरभ भारद्वाज की जगह आतिशी जल विभाग देखेंगी. वहीं पर्यटन, कला और संस्कृति आतिशी की जगह अब सौरभ भारद्वाज देखेंगे. आतिशी और सौरभ भारद्वाज को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल जाने के बाद मंत्री बनाया गया था. मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के विभागों को आतिशी और सौरभ भारद्वाज के बीच बांटा गया था.गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी विधायक आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने बीते 9 मार्च को मंत्री पद की शपथ ली. आतिशी को शिक्षा, पीडब्लूडी, बिजली और पर्यटन विभाग मिले थे. वहीं, सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, शहरी विकास, जल और उद्योग विभाग मिला था.

**शिक्षा विभाग में मनीष सिसोदिया की सलाहकार थीं आतिशी**-सौरभ भारद्वाज 2013 से आप के विधायक हैं और दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं. वहीं आतिशी शिक्षा विभाग में मनीष सिसोदिया की सलाहकार थीं. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सिफारिश के बाद दिल्ली के एलजी विनय सक्सेना ने कैबिनेट में मंत्रियों के रूप में नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति मुर्मू को आतिशी और भारद्वाज के नामों की सिफारिश की थी.बता दें कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में दो स्थान खाली हो गए थे. इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिसोदिया और जैन के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था और उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में भारद्वाज और आतिशी को मंत्री नियुक्त किया था. अब लगभग 6 महीने के बाद दोनों सौरभ भारद्वाज और आतिशी के विभागों में बदलाव किया गया है.

### चक्रवात हामून की क्या है ताजा स्थिति? मौसम विभाग ने बताया, इन राज्यों में बारिश का अलर्ट



चक्रवात हामून बुधवार (25 अक्टूबर) को बांग्लादेश के चटगांव को पार कर गया. इस दौरान वहां 75 से 85 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं. मौसम विभाग ने बताया कि बांग्लादेश के तट को पार करने से पहले चक्रवात काफी कमजोर पड़ गया था.मौसम विभाग के मुताबिक इस समय हामून दक्षिण पूर्वी बांग्लादेश और त्रिपुरा के क्षेत्रों में मौजूद है. अगले 3 घंटे में इसके और कमजोर पड़ने की संभावना है.मौसम विभाग ने बताया कि हामून के कारण भारत तटीय क्षेत्रों पर हल्की बारिश देखने को मिली और तटीय ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पास 30 से 40 किमी की स्पीड से हवाएं चलीं. इसके अलावा देश भर में कही भी इसका कोई असर देखने को नहीं मिला.

**पूर्वोत्तर में अगले 24 घंटे बारिश की संभावना** -मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटे में इसके कारण मिजोरम में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. इसके अलावा नागालैंड , त्रिपुरा और मणिपुर में भी अगले 24 घंटे में यह ही स्थिति रह सकती है.

## 22 जनवरी को होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पीएम मोदी भव्य कार्यक्रम में होंगे शामिल

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी. इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इसकी जानकारी दी. पीएम मोदी ने भी इसको लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उन्होंने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी उनसे मिलने पहुंचे थे और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या आने का न्यौता दिया. पीएम मोदी ने कहा



कि उनका सौभाग्य है कि वो इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे.पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, ÷जय सियाराम ! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है. अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आए थे. उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है. मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं. ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा.÷

## आरबीआई ने प्राइवेट बैंकों से कम से कम 2 होलटाइम डायरेक्टर्स रखने के लिए कहा, सर्कुलर जारी



देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बड़ा फैसला लिया है. बैंकिंग सेक्टर के बड़े फैसले के तहत आरबीआई ने कहा है कि प्राइवेट बैंकों और विदेशी बैंकों की पूर्ण-स्वामित्व वाली सब्सिडियरीज को अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) समेत कम-से-कम दो पूर्णकालिक निदेशकों यानी होल-टाइम डायरेक्टर्स की मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

**आरबीआई ने जारी कर दिया है सर्कुलर**-आरबीआई ने एक सर्कुलर में कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती जटिलता को देखते हुए मौजूदा और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए बैंकों के लिए एक प्रभावी सीनियर मैनेजमेंट टीम का गठन अनिवार्य हो जाता है. इसमें कहा गया है, ÷ऐसी टीम की स्थापना से बैंक की उत्तराधिकार योजना में मदद मिल सकती है. यह एमडी और सीईओ पदों के लिए कार्यकाल और ऊपरी एज लिमिट से संबंधित रेगुलेटरी शर्तों की पृष्ठभूमि में और भी महत्वपूर्ण है.÷

**रिजर्व बैंक ने बैंकों से क्या कहा**-रिजर्व बैंक ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मुद्दों और चुनौतियों के समाधान के लिए उनके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में एमडी और सीईओ सहित कम-से-कम दो पूर्णकालिक निदेशक या होलटाइम डायरेक्टर्स मौजूद हों.

## विरोधी को फंसाने के लिए की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या, मृतक का भाई ही निकला हत्यारा



राजस्थान के भरतपुर जिले में आज ट्रैक्टर से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी जिसका वीडियो वायरल हुआ और उसके बाद सियासत गरमा गई ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के बाद भाजपा के नेताओं ने सांसद ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा, लेकिन ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान इस हत्याकांड में एक नया मोड़ आ गया है. पुलिस के अनुसार मृतक नरपत का भाई ही निकला ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने वाला. गौरतलब है कि आज सुबह भरतपुर जिले के बयाना थाना क्षेत्र के गांव अड्डा में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है तीन दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था और दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस थाने में मामला भी दर्ज कराया गया था.इस मामले में पुलिस ने 22 लोगों को पाबंद भी किया था. लेकिन आज सुबह फिर दोनों पक्ष गांव में आमने-सामने हो गए . बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर के बच्चों के बीच फिर से झगड़ा हो गया था. झगडे के बाद बहादुर गुर्जर पक्ष के लोग अपने घर को चले गए थे. बहादुर गुर्जर पक्ष के लोगों के जाने के तुरंत बाद अतर सिंह के पुत्र दामोदर गुर्जर ने अपने विरोधियों को झूठे केस में फंसाने के उद्देश्य से अपने ही भाई 30 वर्षीय नरपत सिंह गुर्जर की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी.अतर सिंह का पुत्र दामोदर गुर्जर जब ट्रैक्टर से कुचलकर अपने भाई नरपत गुर्जर की हत्या कर रहा था तो गांव के कुछ लोगों ने अपने मोबाइल से उसकी वीडियो बना ली

### विरोधी को फंसाने के लिए की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या, मृतक का भाई ही निकला हत्यारा



राजस्थान के भरतपुर जिले में आज ट्रैक्टर से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी जिसका वीडियो वायरल हुआ और उसके बाद सियासत गरमा गई ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के बाद भाजपा के नेताओं ने सांसद ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा, लेकिन ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में पुलिस द्वारा की जा रही जांच के दौरान इस हत्याकांड में एक नया मोड़ आ गया है. पुलिस के अनुसार मृतक नरपत का भाई ही निकला ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने वाला. गौरतलब है कि आज सुबह भरतपुर जिले के बयाना थाना क्षेत्र के गांव अड्डा में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा ह

## पातालकोट एक्सप्रेस के चार कोच में लगी आग

पंजाब के फिरोजपुर से मध्य प्रदेश के सिवनी जा रही पातालकोट एक्सप्रेस (14624) के दो कोच में बुधवार (25 अक्टूबर) को आग लग गई. ये आग आगरा के थाना मालपुरा क्षेत्र के भदई रेलवे स्टेशन के पास लगी है. इसमें दो लोग घायल हो गए हैं. न्यूज एजेंसी एएनआई ने भारतीय रेलवे के हवाले से बताया कि तुरंत आग लगे कोच को रेल से हटा दिया गया. यह फिलहाल पता नहीं चल सका कि आग कैसे लगी. आगरा पुलिस आयुक्त कार्यालय के पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोनम कुमार ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए बताया कि घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है. कुमार ने कहा, ''दमकल की पांच गाडियां और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गयी हैं. ''

**रेलवे ने क्या कहा**-रेलवे के आगरा मंडल की जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने कहा, ''उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में भांडई और जाजउ के बीच



पातालकोट एक्सप्रेस में आग की घटना सामने आयी है. दो डिब्बे पूरी तरह जल गये हैं. चूंकि उनसे सटे दो और डिब्बे भी प्रभावित हुए हैं, ऐसे में चार डिब्बे ट्रेन से अलग कर दिये गये हैं. स्थिति नियंत्रण में है.''रेलवे सूत्र के अनुसार भांडई आगरा स्टेशन से लगभग 10 किलोमीटर दूर है और आग तब लगी जब ट्रेन भांडई से अगले स्टेशन के लिए रवाना हो चुकी थी. रेलवे अधिकारियों के अनुसार जब धुंए का पता चला तब ट्रेन को रोका गया तथा डिब्बों को तत्काल खाली कराया गया. सूत्र ने कहा, ''आगरा-धौलपुर मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है तथा विभिन्न स्टेशनों पर कई रेलगाड़ियों को रोक दिया गया.''

## रियायती दरों पर किसानों को मिलती रहेगी खाद, मोदी कैबिनेट का फैसला



मोदी सरकार ने किसानों को राहत देते हुए कहा है कि उन्हें रियायती दरों पर खाद मिलती रहेगी. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि सब्सिडी देकर इसे बरकरार रखने का फैसला लिया है. यूरिया की कीमत नहीं बढ़ेगी.

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बीच रबी सत्र के लिए पीएंडके उर्वरकों पर 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी मंजूर की. उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद किसानों को डीएपी पुराने 1,350 रुपये प्रति बैग के मूल्य पर मिलता रहेगा.

**क्या फैसले हुए**-मंत्रिमंडल ने नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं सल्फर जैसे विभिन्न मृदा पोषक तत्वों पर पोषण-आधारित सब्सिडी देने का फैसला किया. यह सब्सिडी एक अक्टूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 के मौजूदा रबी फसल सत्र पर लागू होगी.

**उत्तराखंड के जमरानी बांध को लेकर क्या फैसला हुआ**-अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड के जमरानी बांध को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-संवर्द्धित सिंचाई लाभ कार्यक्रम में शामिल करने को मंजूरी दी.

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परियोजना में उत्तराखंड के नैनीताल जिले में राम गंगा नदी की सहायक नदी गोला नदी पर जमरानी गांव के पास एक बांध के निर्माण की परिकल्पना की गई है. यह बांध मौजूदा गोला बैराज को अपनी 40.5 किमी लंबी नहर प्रणाली और 244 किमी लंबी नहर प्रणाली के माध्यम से पानी देगा, जो 1981 में पूरा हुआ थादो नई फीडर नहरों के निर्माण के अलावा, 207 किमी मौजूदा नहरों का नवीनीकरण किया जाना है

## वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर हुई बैठक, लॉ कमीशन ने कहा- 2024 के चुनाव में इसे लागू करना मुमकिन नहीं

देश में वन नेशन वन इलेक्शन% को लेकर बुधवार (25 अक्टूबर) को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समति की दूसरी बैठक हुई. इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू-कश?मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद के अलावा विध आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे.इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया.सूत्रों ने बताया कि बैठक में लॉ कमीशन ने जानकारी दी है कि वन नेशन, वन इलेक्शन को अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे.

**2024 के चुनाव में मुमकिन नहीं**-सूत्रों के मुताबिक, कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन वन



इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है. उससे पहले संविधान में संशोधन करना होगा.

केंद्र सरकार की ओर से शनिवार (2 सितंबर) को %वन नेशन, वन इलेक?शन% पर किस तरह से काम किया जाए, इसको लेकर 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था. कमेटी का अध्?यक्ष पूर्व राष्टपति राम नाथ कोविन्द को नियुक्त किया गया था. वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामलि किया गया.इसके अलावा कमेटी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतपिक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त कमीशन के पूर्व चेयरमैन एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, पूर्व सॉलसिटिर जनरल हरीश साल्वे और पूर्व सीवीसी संजय कोठारी सदस्य के रूप में नियुक्त किये गए. हालांकि इसके बाद अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि वो कमेटी में शामिल नहीं होंगे.

## तमिलनाडु में राजभवन पर शख्स ने पेट्रोल बम फेंका, पुलिस ने हिरासत में लिया

तमिलनाडु के चेन्नई में राजभवन के बाहर बुधवार (25 अक्टूबर) को पेट्रोल बम फेंका गया. मामले में पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में ले लिया है. गिंडी थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है. हिरासत में लिए गए शख्स का नाम करुक्का विनोद है. इस बीच बीजेपी तमिलनाडु के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा है कि यह घटना राज्य में कानून व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को दर्शाती है.तमिलनाडु विधानसभा से महीनों पहले पारित ह्श्वश्वञ्ज विरोधी विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ नारेबाजी भी की. पुलिस ने कहा कि विनोद सरदार वल्लभभाई पटेल रोड पर अन्ना यूनिवर्सिटी की ओर से गिंडी आया और राजभवन के गेट के बाहर पेट्रोल बम फेंका.

**एंट्री गेट पर फेंका बम** -रिपोर्ट के मुताबिक जब वह राजभवन के मुख्य द्वार के सामने पहुंचा, तो उसने एक





पेट्रोल बम निकाला, उसे जलाया और एंट्री गेट पर फेंक दिया. इसके बाद उसने वहां से भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने कुछ देर पीछा करने के बाद उसे पकड़ लिया.

पुलिस ने बताया कि विनोद ने इससे पहले तेनाम्पेट पुलिस स्टेशन, कामराजार अरंगम और भारतीय जनता पार्टी के राज्य मुख्यालय के बाहर भी क्रूड बम फेंके थे. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी से पेट्रोल बम फेंकने के मकसद के बारे में पूछताछ की जा रही है. पुलिस ने बताया कि हमलावर ने केवल एक पेट्रोल बम फेंका था. इससे राजभवन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा.

**क्या है नीट विरोधी बिल**-गौरतलब है कि तमिलनाडु विधानसभा ने 13 सितंबर 2021 को एक बिल पारित किया था, जिसमें राज्य के छात्रों को मेडिकल कोर्सेस में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा से छूट मिलेगी. हालांकि इसे लागू नहीं किया जा सका. क्योंकि राज्यपाल एन रवि ने इसे विधानसभा में वापस भेज दिया था.

इसके बाद तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार ने इसे इसी साल फरवरी में फिर से पास किया,

## तेलंगाना में बीजेपी को झटका, पूर्व विधायक राज गोपाल रेड्डी थामेंगे कांग्रेस का हाथ



पूर्व विधायक राज गोपाल रेड्डी ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ दी है. वह फिर से कांग्रेस में शामिल होंगे. उन्होंने हाल ही में सम्पन्न हुए उपचुनाव में मुनुगोडे विधानसभा सीट लड़ा था. हालांकि, उन्हें सफलता नहीं मिली थी.गौरतलब है कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी की ओर से जारी उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में राजगोपाल रेड्डी का नाम शामिल नहीं था. राजगोपाल भोंगिर से कांग्रेस सांसद वेंकट रेड्डी के छोटे भाई हैं. वह पिछले साल अगस्त में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे.

**राहुल गांधी की मौजूदगी में हो सकते हैं कांग्रेस में शामिल**- राजगोपाल शुक्रवार (27 अक्टूबर) को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो सकते हैं. इस बीच, राजगोपाल ने दावा किया कि कांग्रेस कैडर उनसे पार्टी में फिर से शामिल होने के लिए कह रहा था. उन्होंने कहा,मैं जल्द ही फैसला लूंगा.

**मुनुगोडे सीट से लड़े थे उपचुनाव**-उन्होंने मुनुगोडे सीट से उपचुनाव चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. उन्हें भारतीय राष्ट्र समिति (क्क्रस) उम्मीदवार के प्रभाकर रेड्डी ने हराया था. रिपोर्ट के मुताबिक राजगोपाल पिछले कुछ समय से बीजेपी की गतिविधियों से दूरी बनाए हुए थे. इतना ही नहीं वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की तेलंगाना की यात्राओं से भी नदारद दिखे. पार्टियां अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गई हैं. तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों के लिए 30 नवंबर 2023 को मतदान होना है. त्रिकोणीय मुकाबला है. तेलंगाना में चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 10 नवंबर है

शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

# अवैध आठ पेटी शराब कुल 400 क्वार्टर कीमती 27250 है जप्त कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–आगामी विधानसभा चुनाव- 2023 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा अबैध शराब बनाने एवं बेचने वाले अपराधियों की धरपकड़ हेतू सम्पूर्ण शिवपुरी जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजय चतुर्वेदी के सतत मार्गदर्शन में दिनाकं 24.10.2023 को थाना प्रभारी सतनवाडा उनि. राज कुमार सिहं चाहर को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि चंदनपुरा मे रवी धाकड़ अपनी परचून की दुकान पर अवैध शराव वेच रहा है। सूचना पर से थाना सतनवाडा पुलिस के द्वारा मुखविर की सूचना पर आरोपी रवी धाकड़ पुत्र नन्दकिशोर धाकड़ उम्र 24 साल निवासी ग्राम चंदनपुरा थाना सतनवाडा के कव्जे से आठ पेटी मदिरा जप्त की जिसमे दोनो प्लेन 350 क्वार्टर एवं मशाला मदिरा के 50 क्वार्टर कुल 400 क्वार्टर होकर, कुल 72 लीटर होकर, कुल कीमती 27250 है । को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया । वाद अपराध क्रमांक 155/2023 धारा 34(2) आवकारी एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सतनवाडा उनि. राज कुमार सिंह चाहर, प्रआर 228 उदय सिह तोमर, प्रआर 336 नीरज सेगर, प्रआर 134 सुरेन्द्र सिह सुमन, आर 1034 दीपक किरार, आर 780 विमलेश शाक्य व आर 1103 उमेश लोधी का सराहनीय योगदान रहा है।

# शिवपुरी कलेक्टर ने 5 आदतन अपराधी किये जिलाबदर

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**– जिला प्रशासन द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की क?ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिले के 5 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित कर शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिलों की सीमा से निष्कासित किया है।कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जारी आदेशानुसार आदतन अपराधी बल्लभ उर्फ बल्ले पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी ग्राम ककरई थाना बैरा?, विक्रम पुत्र गजराज सिंह रावत निवासी ग्राम डेहरवारा थाना तेंदुआ, अरूण परिहार पुत्र राजपाल सिंह परिहार निवासी ग्राम श्रीपुरचक थाना बदरवास, रामवरण पुत्र मोहन सिंह गुर्जर निवासी रमग?ा थाना करैरा तथा जयपाल सिंह पुत्र राजधर सिंह यादव निवासी बांयगा थाना बदरवास को जिला बदर घोषित कर तीन माह के लिए शिवपुरी जिले तथा उसके समीपवर्ती जिले श्योपुर, ग्वालियर, गुना, अशोकनगर, मुरैना व दतिया जिले की सीमा से निष्कासित किया गया है।

## ओपरेशन मुस्कान के तहत शिवपुरी पुलिस की नाबालिक वालक वालिकाओं की तस्तयावी कार्यवाही जारी, पुलिस थाना कोतवाली व्दारा अपहृत दो नाबालिग बालक एवं बालिका को किया दस्तयाब ।

राकेश परिहार पिछोर

थाना कोतवाली पर दिनांक 23.10.23 को फरियादीगण व्दारा अपहृत बालक रुप जाटव उम्र 13 साल एवं चेतना जाटव उम्र 16 साल के अपहृत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जो फरियादीगण की रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 781 / 23 धारा 363 भादवि एवं 782 / 23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था ।मामले को संज्ञान मे लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिहं भदौरिया के द्वारा नाबालिकों को दस्तयाव करने हुते आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं जल्द से जल्द दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कोतवाली टीआई विनय यादव द्वारा टीम बनायी जाकर अपहृता बालिका की तलास पतारसी के भरसक प्रयास किये गये और पुलिस मुख्यालय भोपाल व्दारा चलाये जा रहे ओपरेशन मुस्कान के तहत अपहता बालक/बालिका की 24 घण्टे के अन्दर रेल्वे स्टेशन शिवपुरी से दस्तयावी की गई ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि0 पूजा सिंह घुरैया, प्र0आर0 722 राजवीर सिंह, म0आर0 रश्मी भार्गव, आर0 सोमवीर जाट, आर0 टिंकू सिंह, आर0 कुलदीप चतुर्वेदी की विशेष भूमिका रही ।

# कोलारस कल्चुरी महिला मंडल द्वारा गरबा डांडिया का कार्यक्रम किया आयोजित



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- कोलारस कल्चुरी महिला मंडल द्वारा गरबा डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ग्रुप को कोलारस महिला मंडल द्वार सम्मानित किया गया और सम्मान समारोह रखा गया प्रतियोगिता भी आयोजित कि गई जैसे की डांस प्रतियोगिता , बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता. महिलाओं बच्चों में काफी उत्साह दिखायी दिया और सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम की गरिमा बड़ाइ अंत मैं जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया

# थाना करैरा पुलिस द्वारा 80 लीटर कच्ची शराब कीमती 30 हजार रूपये सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी।**
**पत्रकार**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश कुमार सिंह जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराब की धरपकड़ अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन में श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले जी के निर्देशन एवं श्रीमान एस.डी.ओ. पी. महोदय श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में आज दिनांक 25.10.2023 की शाम को




थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि फिल्टर रोड का संजय जाटव जो लाल रंग की टीशर्ट व नीले रंग का जीन्स पहने है वह अवैध शराब से भरी हुई प्लास्टिक की दो कैनों को कही ले जाने के लिये महेन्द्र साहू की दुकान के पास फिल्टर रोड करैरा पर खड़ा होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहा है, मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर द्वारा बताये स्थान महेन्द्र साहू की दुकान के पास फिल्टर रोड पर पहुंचे तो संजय जाटव दिखा जो अपने पास नीले रंग की प्लास्टिक की दो कैन रखे हुए था ।पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेर कर पकड़ा जिसने अपना नाम संजय जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव उम्र 28 वर्ष नि. ग्राम झंडा हाल फिल्टर रोड करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया उसके कब्जे से नीले रंग की प्लास्टिक की दो कैनों मे 40-40 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कुल 80 लीटर कीमती 30 हजार रुपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 754/23 पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से शराब के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# आगजनी एक गरीब की झोपड़ी में आग लगते ही हजारों रुपए का नुकसान




मवेशी से लेकर खाने का अनाज सब जलकर राख खबर शिवपुरी जिले के तहसील करार से आ रही है आज ग्राम पंचायत नारही थाना अमोला मैं रामकुमार गडरिया खेत पर बनी झोपड़ी में आग लगा दी है उसमें ?20000 थे उसमें उसके खाने का सामान था बकरा भी जल गया है देखना यह होता है कि अब चुनाव का समय है आज उस पाल समाज के व्यक्ति का जीवन यापन कैसे होगा

# दीवारों, होर्डिंग को कांग्रेस के प्रचार का इंतजार, असमंजस ने वीरेंद्र रघुवंशी की बढ़ाई उम्मीदें

**शिवपुरी।** विधानसभा चुनावों में दोनों प्रमुख राजनैतिक दलों ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने चुनाव कार्यालय खोल दिया है। मुख्य चौराहों, सड़कों और होर्डिंग्स पर भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर व दीवार लेकिन दमकने लगा है, लेकिन इन सबके बीच कांग्रेस अभी प्रचार की दौड़ में नजर नहीं आ रही है, हालांकि प्रत्याशी के रूप में केपी सिंह का नाम घोषित हो चुका है, लेकिन जिस तरह उनके क्षेत्र बदलने, सक्रिय रूप से अब तक मैदान में न उतरने की चर्चाएं चल रही हैं, उसका असर प्रचार-प्रसार में दिखाई दे रहा है।

**वीरेंद्र रघुवंशी की उम्मीद कायम**–अब तक न तो शहर में और न ही गांव में कांग्रेस प्रत्याशी के बैनर-पोस्टर नजर आ रहे हैं और न ही प्रचार की धुरी माने जाने वाले चुनाव कार्यालय खुले हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता भी हैरान हैं कि वह कहां, किसके निर्देशन में प्रचार के समर में कूदें। बार-बार जिस तरह अब भी टिकिट बदलने की अटकलें आ रही हैं, उससे भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए पूर्व विधायक वीरेंद्र रघुवंशी की बची खुची उम्मीदें पुन÷ बलवती हो गई हैं।



**वीरेंद्र रघुवंशी लगा रहे दिल्ली तक दौड़**–बता दें कि वीरेंद्र की कांग्रेस में वापसी के साथ ही यह जोरदार ढंग से प्रचारित किया गया था कि आगामी चुनाव में वे ही शिवपुरी से कांग्रेस प्रत्याशी होंगे। बताया तो यहां तक जाता है कि वीरेंद्र ने इसके लिए प्रचार सामग्री तक तैयार करवाने के आर्डर कर दिए थे, हालांकि अभी भी उनकी दौड़ दिल्ली से भोपाल तक जारी है और इन सबके बीच जिस तरह पार्टी आलाकमान और राज्य की राजनीति में प्रबल दखल रखने के वाले कांग्रेसी नेताओं के उनके टिकिट को लेकर पिछले दो दिनों में जो बयान आए हैं, उनसे फिर ऐसा लगने लगा है कि अब तक शिवपुरी से केपी का प्रचार अभियान शुरू न होना, इस बात का संकेत है कि नाम निर्देशन की आखिरी तारीख से पहले शिवपुरी सीट पर प्रत्याशी परिवर्तन हो सकता है।

**असमंजस में कांग्रेस पीछे**–केपी के 30 तक इंतजार की बात के मायनेटिकिट परिवर्तन की अटकलों को हवा इसलिए भी दी जा रही है क्योंकि खुद कांग्रेस प्रत्याशी केपी सिंह ने नाम घोषित होने के बाद से अप्रत्यक्ष तौर पर कार्यकर्ताओं को होल्ड पर रहने के निर्देश दिए हैं, तो वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन व बैठकों में भी केपी लगातार 30 तक इंतजार करने की बात कह रहे हैं। इतना ही नहीं मीडिया से भी गाहे-बगाहे अनौपचारिक चर्चा में केपी कुछ और इंतजार करने की बात कहते रहे हैं, जो दर्शाता है कि शिवपुरी से टिकिट बदलने की चल रही चर्चा पूर्णत÷ आधारहीन तो नहीं है।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत, अस्?पताल ने चार घंटे तक शव को रखा, नहीं दी जानकारी

शिवपुरी। जिला अस्पताल में रविवार की दोपहर एक प्रसूता और उसकी बच्ची की प्रसव के दौरान मौत हो गई। इसके बाद चिकित्सा स्टाफ चार घंटे तक प्रसूता के शव को लेबर रूम में रखे रहे और स्वजन से यह कहते रहे कि प्रसूता की हालत गंभीर है। शाम को अस्पताल के स्टाफ ने कोतवाली पुलिस को हंगामे की सूचना देकर पुलिस फोर्स बुला लिया और इसके बाद प्रसूता को मृत घोषित किया ताकि प्रसूता के स्वजन कुछ कह भी न सकें।जानकारी के अनुसार महिमा शर्मा को रविवार की दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था। स्वजन के अनुसार लेबर रूम के अंदर मौजूद स्टाफ ने सामान्य प्रसव में परेशानी बताई, लेकिन बाद में कहा कि सामान्य प्रसव करवाना है तो दस हजार रुपये लगेंगे। बकौल सचिन इसके बाद प्रसव करवाया गया तो दोपहर 2 बजे सामान्य प्रसव से ही मृत बच्ची पैदा हुई। महिमा की हालत भी खराब होती चली गई।रैफर करने की कही बातप्रसूता के जेठ नितिन शर्मा का आरोप है कि दोपहर दो बजे के बाद से वह लगातार डाक्टरों से यह कहते रहे कि वह प्रसूता को ग्वालियर रैफर कर दें, लेकिन वे महिमा शव को अंदर रखकर यह कहते रहे कि जच्चा की हालत को सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस फोर्स बुलाकर महिमा को मृत घोषित किया।इस पूरे मामले में ड्यूटी डाक्टर से जब जानकारी का प्रयास किया तो वे अपने केबिन से ही बाहर नहीं आईं और स्टाफ ने भी जानकारी नहीं दी।सिविल सर्जन डा बीएल यादव का कहना है कि महिला का यह चौथा बच्चा था। इससे पहले एक बच्चा जीवित है जबकि दो गर्भपात हो चुके हैं। वह सितंबर में भी भर्ती हुई थी और तब ही बच्चा निकलवाने क सलाह दी गई थी। महिला को रैफर भी किया गया, परंतु स्वजन महिला को मेडिकल कालेज ले जाने की बजाए अपने घर ले गए। बच्चा गर्भ से ही मृत निकला था और उसकी त्वचा निकल चुकी थी जो यह दर्शाता है कि बच्चे की मौत गर्भ में ही करीब 24 घंटे पूर्व हो चुकी थी।बच्चा बाहर आते ही महिला का ब?लड प्रेशर शबढ़ गया जिससे उसे ब्रेन हेमरेज हो गया और वह कोमा में चली गई थी। यदि प्रसूता के बच्चे को सितंबर माह में ही निकलवा लिया जाता तो दोनों की जान बच सकती थी।

# जीजा-साले ने हत्या कर कुएं में फेंकी थी युवती की लाश, पड़ोसी युवक सहित 2 अन्य पर केस दर्ज

**शिवपुरी।** इंदार थानांतर्गत ग्राम मड़वासा में मंगलवार की शाम एक युवती अचानक घर से लापता हो गई थी। युवती का शव दो दिन बाद गांव के एक कुएं में उतराता हुआ मिला। पुलिस ने इस मामले में स्वजनों की शिकायत के आधार पर पड़ोसी युवक सहित उसके दो अन्य साथियों पर हत्या सहित साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर लिया है।

**ये है पूरा मामला**–मड़वासा निवासी नंदनी कुशवाह उम्र 20 साल 17 अक्टूबर को घर से अचानक गायब हो गई थी। जब युवती के माता-पिता खेत से वापिस लौटे तो बेटी की तलाश की परंतु उसका कहीं कोई



सुराग नहीं लगा, जिस पर उन्होंने थाने में नंदनी की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए पड़ौस में रहने वाले ईशू राठौर नामक युवक पर उसे भगा कर ले जाने का आरोप भी लगाया। इसी क्रम में 19 अक्टूबर की दोपहर उसकी लाश गांव के कुएं में उतराती मिली।

**परिजनों ने लगाया आरोप**–मृतिका के चाचा सीताराम सहित अन्य स्वजनों ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी नंदनी से पड़ोस में रहने वाला ईशू बात करता था और जब उन लोगों ने ईशू से बेटी से बात करने को मना किया तो उसने नंदनी को जान से मारने की धमकी भी दी थी। सीताराम के अनुसार जब नंदनी की लाश नहीं मिल रही थी तो ईशू राठौर की दादी ने ही नंदगी के भाई से कहा था कि तुम नंदनी को सब जगह तलाश रहे हो इस कुएं में क्यों नहीं देख रहे? जब उस कुएं में देखा तो नंदनी की लाश उसी कुएं में मिली। स्वजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि ईशू राठौर निवासी मड़वासा ने अपने जीजा श्याम राठौर निवासी रन्नौद सहित एक अज्ञात युवक ने उनकी बेटी की हत्या कर लाश कुएं में फेंकी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या सहित साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर लिया है।

# अतिथि शिक्षकों के भरोसे सीएमराइज स्कूल, न लैब की सुविधा, न खेल मैदान मौजूद

शिवपुरी। सरकारी स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मप्र शासन



द्वारा सीएम राइज स्कूल की अवधारणा प्रारंभ की गई, ताकि नए आधुनिक स्कूलों की स्थापना की जा सके और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के बच्चों से मुकाबला कर सके। इसी सोच के साथ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर हर स्कूल में करोड़ों रुपये खर्च किए जाने की योजना तैयार की गई।इसी क्रम में शिवपुरी में प्रथम चरण में आठ स्कूलों को सीएम राइज स्कूल में परिवर्तित किया गया। इन स्कूलों की स्थापना को तीन साल हो चुके हैं, लकिन अभी तक जिला मुख्यालय सहित अंचल के किसी भी स्कूल में अब तक इंफ्रास्ट्रक्चर तक तैयार नहीं हो सका है। बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा-दीक्षा की बात करना तो बेमानी होगी, क्योंकि स्कूलों की स्थापना के तीन साल बाद भी स्कूलों में कई विषयों के शिक्षक तक मौजूद नहीं हैं।स्कूलों में अतिथियों के भरोसे बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जो आठ स्कूल पहले स्थापित कर दिए गए हैं, वह अभी तक 'राइज' नहीं हो पाए हैं, उससे पहले ही शासन ने खनियाधाना के हायर सेकेंडरी स्कूल बामौरकलां, पिछोर के हायर सेकेंडरी स्कूल मनपुरा, हायर सेकेंडरी एक्सीलेंस स्कूल पिछोर और पोहरी के हायर सेकेंडरी स्कूल बैराड़ को कागजों में तो स्कूलों को 'राइज' कर दिया है, लेकिन धरातल पर हालात अभी भी जस के तस हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल के बच्चे निजी स्कूलों के बच्चों से आखिर कब आगे निकल पाएंगे।

**न बस की सुविधा और न शुरू हो सकी आधुनिक लैब**–सीएम राइज स्कूल की अवधारणा के क्रम में इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल लाने और छोड़ने के लिए बसों का संचालन किया जाना था,

# सेवढा विधानसभा से तीनो पार्टीयो ने नही बनाये ओबीसी प्रत्यासी, नए ओबीसी चेहरे को दे सकती हैं क्षेत्र की जनता मौका

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

दतिया-दतिया ओबीसी महासभा के जिला प्रवक्ता व क्रांतिकारी रोहित हुकुम कुशवाह रमगढा चिताई चिमघन ने बताया कि ओबीसी/पिछड़ावर्ग समाज में पूर्व की तुलना में वर्तमान स्थिति बेहतर चेतना एवं जाग्रति देखने को मिल रही है, संविधान निर्माता बाबा साहेब, फुले जी व पेरियार, लोकमाता अहिल्याबाई जी का सपना साकार होने को निरंतर अग्रसर है। में रोहित हुकुम निश्चित रूप में अवगत करा देना चाहता हूँ कि सेंवढा और दतिया विधानसभा में ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी व्यापक रूप से बहुमत प्राप्त करेगा क्योकि (काठ की की हांडी पर भोजन बार बार नहीं पकता) जनता अब जागरुक हो चुकी है। ओबीसी नेता रोहित हुकुम ने बताया कि कुछ तथाकथित दौलतमंद प्रत्याशी एवं सामंतशाही व मनुवादी सोच के प्रतिनिधियो ने सेवढा विधानसभा की जनता को बेबकूफ समझ रखा है, कोई मंदिर/ मजहब के नाम की राजनीति के गुण गाता है तो कोई कहता है कि हमारी सरकार सत्ता में नहीं है और जनता की कुछ अनभिज्ञता से कुछ ऐसे क्षेत्र के विधायक बन जाते है जो भोपाल के वल्लभ भवन में गूंगे बनके बैठ जाते है। सबको विदित है कि



सेवढा क्षेत्र दतिया व भांडेर विधानसभा की अपेक्षा मूलभूत व बुनियादी विकास के मामले में पीछे है।उन्होने बताया कि ओबीसी वर्ग सबसे बडी गलती यहाँ कर रहा है कि 2 प्रत्याशी ओबीसी वर्ग के लोकतंत्र के इस त्यौहार में अपना पर्चा भरते है तो स्वभाविक है कि वोटबैंक जो दलित-पिछडो का सेंवढा में 87त्न के करीब है वह विभाजित हो जायेगा जिसका फायदा तथाकथित सवर्ण प्रत्याशियो को मिल सकता हैं। मिली जानकारी से अगर ओबीसी वर्ग में परिवर्तन नहीं आया होता तो अवधेश नायक का टिकट कटके पुनःराजेंद्र भारती जी का नहीं होता, यह दर्शाता है कि ओबीसी जनता परिवर्तन के लिए कितनी आतुर है। अब जनता जान चुकी है कि दशको से निरंतर चली आ रही बारम्बारता नहीं चलेगी। मंदिर मजहब के नाम पर, सोना चांदी, किले- महल तथा कभी साडियां, तोडियां तथा दौलत के पैकेट बांटकर देश की खूबसूरत लोकतांत्रिक व्यवस्था को कलंकित करते हैं।(आम आदमी पार्टी) का जो तथाकथित प्रत्याशी है वह अपनी पंचायत रमगढा चिमघन का विकास तो करा नहीं पाया, लम्बी डीकें हांकने से कुछ नहीं होने वाला वह अपने गांव से ही बड़े अंतर से हारेगा। रमगढा पंचायत के दोनो गाँव में एक भी पानी की टंकी नहीं है, तिराहे पर प्रतीक्षालय नहीं है, चिमघन रमगढा दोनो गाँव में खेल मेंदान नहीं है, इस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी का 8 वर्ष के कार्यकाल में कुछ विकास नहीं हुआ दौलत की दम पर मुझ पर यानि रोहित हुकुम पर और सोवरन कुशवाह पर इसने जानलेवा हमले करवाये, जगदीश कुशवाह के खेत में जबरदस्ती शमशान घाट बनवायेंगे, लोगो को अनगिनत धमकियाँ, चिमघन का गौशाला निंदनीय कांड, लोगो में फूट डालना,चिमघन में 1 हैंडपम्प है इत्यादि कुछ नही हुआ और इतनी बड़ी विधानसभा के विकास की बात करना फर्जी साबुन है

# लहार कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविंद सिंह का लहार,आलमपुर,दबोह,मिहोना में चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । लहार से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविंद सिंह ने लहार,आलमपुर,दबोह में अपने चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यालयों के शुभ आरंभ के अवसर पर डॉ गोविन्द सिंह नें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है,भाजपा शासन काल में प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,से त्रस्त हो चुकी है जिस प्रकार से प्रदेश में कांग्रेस की लहर है भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग भिंड के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया के द्वारा अवगत कराई गई जानकारी के अनुसार लहार,आलमपुर और दबोह में डॉ गोविंद सिंह की कार्य शैली एवं कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा, ग्राम सलैया से ऋषिकेश मिश्रा, हेमंत मिश्रा,नरेंद्र मिश्रा,दाऊ मिश्रा, कल्लू मिश्रा,रतनपुरा से रामस्वरूप शर्मा,आकाश शर्मा, अनिल कुमार शर्मा,संजीव कुमार शर्मा,वीर बहादुर परिहार, गंभीर प्रजापति,प्रशांत सविता वि?रा,पहलाद वर्मा विडरा, राघवेंद्र धाकड़ खूजा, नरेंद्र सिंह धाकड़ खूजा,नीलू कश्तवार आलमपुर देवी शंकर महाजन, कौशल पाराशर, अमित कौरव भगत कुचिया आदि लोगों को लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा नें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।ग्राम खूजा से रामजी शरण महते सरपंच,दशरथ सिंह राजपूत, विनोद कुमार, जयप्रकाश कल्याण सिंह, विजय सिंह, राममिलन धाकड़, बादाम सिंह,रामनारायण धाकड़, त्रिमोहन धाकड़, मुलाम सिंह मुन्ना, मुन्नालाल धाकड़, मुलाम सिंह,रामवीर सिंह धाकड़ आदि लोगों को शामिल कराने मुख्य भूमिका रामकुमार गुर्जर पूर्व मंडी अध्यक्ष की रही।इस मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र त्रिपाठी,हाकिम सिंह चौधरी,रमा कौरव,रामकुमार त्रिपाठी,रामेश्वर दयाल कौरव,मेहताब सिंह कौरव,बल्लू दुबे उपस्थित रहे।

**डॉ.गोविंद सिंह के समक्ष कई लोग पार्टी में शामिल हुए**

# भिण्ड भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाह के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड** । भिण्ड - दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी लड़ रही है। केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार ने विकास को आगे बढ़ने का काम किया है। 17 तारीख को होने जा रहे चुनाव भी महायज्ञ में प्रत्येक बूथ को जीतने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता चुनाव अभियान में एकजुट एक लक्ष्य और एक मुख के साथ लड़े और प्रत्येक बूथ पर भाजपा का परचम फहराने के लिए कमल का फूल खिले इसकी जिम्मेदारी हमारे बूथ तक के कार्यकर्ताओं की है उपरोक्त उद्गार उन्होंने पन्ना पैलेस होटल में भाजपा के भिंड विधानसभा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रत्नचंद जैन ने की।भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि सुरक्षा और विकास मेरी पहली प्राथमिकता है,मैंने अपने कार्यकाल में असमाजिक तत्वों को कोई संरक्षण नहीं दिया और कांग्रेस और उन राजनीतिक दल के लोगों ने असमाजिक तत्वों को संरक्षण देकर जनता को भयभीत करने का प्रयास किया उन्होंने कहा कि मैंने कहा था कि मैं विधायक बनू या ना बनो फिर भी जनता की जनसेवा के लिए कसर नहीं छोड़ूंगा आपने पहले मुझे विधायक बनाया तब मैंने जनता और कार्यकर्ताओं के बीच में रहकर ही विकास कार्य को गांव से लेकर शहर तक अनेक योजनाओं के माध्यम से शहर को विकसित बनाने का प्रयास किया।

# अरूण यादव और सचिन यादव अपने गांव बोरावां में छकड़ा गाड़ी चलाकर पहुँचे दशहरा मैदान

## दशहरा जीतने के बाद गांव के बुजुर्गों के पैर छूकर लिया आशीर्वाद



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

**खरगोन,** प्रतिवर्षानुसार पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव और उनके छोटे भाई मप्र के कृषि मंत्री रहे कसरावद के कांग्रेस प्रत्याशी सचिन यादव परंपरा अनुसार अपने निवास बोरावां से अलग-अलग छकडा गाड़ी चलाकर कल मंगलवार की शाम को दशहरा मैदान पहुँचे । बोरावां गांव से 250 से भी अधिक बैलगाड़ियों और 70 से भी अधिक ट्रेक्टरों में सवार होकर बोरावांवासी दशहरा मैदान पहुँचे । यहॉ पर अरूण यादव और सचिन यादव के साथ ग्रामीणों ने एक दूसरे को विजयादशमी पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी ।दशहरा जीतने के बाद सायंकाल को सभी ग्रामीणों के साथ अरूण यादव और सचिन यादव अपनी सुसज्जित छकड़ा गाड़ी से वापस अपने निवास पर पहुँचे । छकड़ा गाड़ी को बैलगाड़ी भी कहा जाता है । छकड़ा गाड़ी में सीमित संख्या में सवारी की जाती है । जबकि बैलगाड़ी में अधिक लोग सवार हो सकते । साथ ही यह बैलगाड़ी खेती बाड़ी के सामान के परिवहन में भी उपयोग की जाती है ।दशहरा मैदान से लौटने के बाद अरूण यादव और सचिन यादव ने अपनी माताजी श्रीमती दमयंती यादव का आशीर्वाद लिया । इसके बाद दोनों भाईयों ने गॉव में घर घर जाकर बुजुर्गों के पैर छूकर और ग्रामीणों को गले लगाकर उनका आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त किया । उन्होनें सभी ग्रामीणों को दशहरे की शुभकामनाएॅ दी ।उल्लेखनीय है कि अरूण यादव और सचिन यादव के पिताश्री और मप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव भी ग्रामीण परंपरानुसार प्रतिवर्ष बैलगाड़ी में अपने परिवार के सदस्यों को बैठाकर और चलाकर दशहरा मैदान तक जाते थे और लौटकर अपने गॉव में सभी ग्रामीणों से मिलते थे । बुजुर्गों के पैर छूते थे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते थे । अरूण यादव और सचिन यादव ने अपने पिता सुभाष यादव की परंपरा को आज भी कायम रखा है ।

# भाजपा सरकार ने युवाओं का भविष्य गर्त में धकेला- शशांक सक्सेना



सीहोर। बुधवार को सीहोर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ने नगर के वार्ड 18, 19 और 25 में प्रभावी जनसंपर्क किया। इस दौरान वह पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र, नेहरू कालोनी, लेबर कालोनी सहित अनेकों क्षेत्रों में पहुंचे। जहां श्री सक्सेना का क्षेत्रवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी को लोगों समर्थन मिल रहा है। तो वहीं युवा जन कांग्रेस की विचारधारा से जुड रहे हैं। श्री सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को अंधकार में धकेला है, उनके भविष्य के साथ खिलवाड किया है। प्रदेश में भाजपा के 18 साल शासन के दौरान अनेकों भर्तीयों में घोटाले हुए। व्यापम घोटाला, पटवारी परीक्षा घोटाला, शिक्षा भर्ती घोटाला, कृषि विभाग भर्ती घोटाला में अयोग्य लोगों को नौकरियां दी गई जबकि पढे लिखे और योग्य युवाओं के साथ धोखा किया गया। भर्तीयों में कमिशनखोरी और भ्रष्टाचार की व्यवस्था इन्होंने बना ली है। आज प्रदेश का युवा खुद को ठगा महशूस कर रहा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान घोषणा करते हैं लेकिन धरातल पर यह पूरी नहीं होती। उन्होंने युवाओं से वादा किया था कि प्रदेश में डेढ लाख सरकारी वेकेंसी भरी जाएंगी लेकिन यह बात एक दम झूठी साबित हुई। भाजपा के शासन में लाखों शिक्षित युवा वेकेंसियों के इंतजार में ओवर ऐज हो गए। शिक्षित युवा बेरोजगार हैं जब युवा रोजगार मांगते हैं तो उन्हें सांप्रदायिकत उम्माद में उलझाया जाता है। श्री सक्सेना ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर घोटोलेबाजों पर कार्रवाई होगी, जिन्होंने युवाओं के भविष्य को गर्त में धकेला है उन्हें जेल में भेजा जाएगा। राजधानी के इतने नजदीक होने के बाद भी यहां रोजगार के इंतजाम नहीं है। शिक्षित युवाओं को रोजगार की तलाश में अन्य शहरों में जाना पडता है। कांग्रेस सरकार आने पर सरकारी वेकेंसी निकाली जाएंगी। उन्होंने युवाओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

# सीरवी समाज ट्रस्ट नेरकुन्ड्रम ने नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

चेन्नई. सीरवी समाज ट्रस्ट नेरकुन्ड्रम चेन्नई के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि महोत्सव धूम-धाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के सचिव रमेशचन्द मुलेवा ने जानकारी दी कि इस शारदीय नवरात्रि महोत्सव को लेकर 15 अक्टूबर को सुबह शुभ मुहूर्त में श्री आई माताजी मन्दिर में घट स्थापना की गई। इसके साथ प्रतिदिन नौ दिन रात्रि 10 बजे से सत्संग का आयोजन रखा गया। जिसमें स्थानीय भजन गायकों द्वारा नौ दिन तक माताजी की आरती के साथ सभी देवी देवताओं के एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। प्रतिदिन रात्रि सत्संग आयोजन में संस्था के सभी भाईयों, माताओं, बहिनो, बालक, बालिकाओं ने भी समय पर आकर माताजी के चरणों में प्रणाम करके अपने एंव अपने परिवार की खुशहाली की कामना कर आशिर्वाद प्राप्त करने के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर नौ दिन अखंड तपस्या करने वाले भाइयों बहनों का संस्था की तरफ से मंगलवार को सुबह 11 बजे माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत करने के बाद मन्दिर में धुप आरती करने सभी तपस्वीयों को पारणा करवाया गया। इस मौके पर संस्था के भंवरलाल चोयल, लछाराम बर्फा, मंगलाराम पंवार, भंवरलाल मुलेवा, डवराराम बर्फा, रमेशचन्द मुलेवा एवं समाज के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया। सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन किया गया।



# नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का समापन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**

बेंगलूरू। श्री अम्बे माँ गरबा मंडल नेलमगला में श्री वासदेवजी कुटीर में नवरात्रि में नौ दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष और महिलाओं और बच्चों ने माताजी तस्वीर के सामने गरबा डांडिया नृत्य किया गया और अष्टमी तिथि के दिन में हवन और पुजा पाठ किया गया और विजयदशमी के दिन शाम को भजन संध्या और माहप्रसादी रखी गई। इस भजन संध्या मै मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी पुखराज महाराज उपस्थित रहे। भजन कलाकार राधेशयाम माली अमरपुरा शानदार प्रस्तुति दी मश्री अम्बे माँ मंडल के अध्यक्ष लालाराम पटेल पुकजी महाराज का स्वागत किया गया। जिसमें गिरधारीलाल पटेल गौरधन कुमार प्रजापत, शंकरराम पटेल, मोहनलाल माली, मिठालाल माली, कैलाश माली, हुकमाराम माली, सेसाराम प्रजापत, सुरेश विश्नोई, कालुराम जागिड और सभी विष्णु समाज सदस्य उपस्थित रहे।



# केंद्रीय सैन्य बल के साथ उमरी पुलिस ने किया अकोड़ा, स्योडा पर, कनावर, उमरी, विलाव में फ्लैग मार्च



महेन्द्र शर्मा उपसंपादक
पुष्पांजली टुडे

भिंड। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ असित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक ,तथा एसडीओपी हेडक्वार्टर संजय सिंह के निर्देशन में विधानसभा चुनाव 2023 को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से आज थाना उमरी पुलिस द्वारा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ नगर अकोड़ा ग्राम सेवाड़ा, कनावर, उमरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया ।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा निगरानी बदमाशों तथा लिस्टेड गुंडो को चेक किया साथ ही मतदान केदो को भी चेक किया गयाउमरी पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान ग्रामों में आदर्श आचार संहिता का पालन करने की मुनादी कराई गई लोगों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने की हिदायत दी तथा हर तरह की अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी गई । सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों पर जाकर क्षेत्र वासियों को थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा वरिष्ठ अधिकारी तथा स्वयं के नंबर दिए जाकर अपील की गई कि किसी भी तरह की आचार संहिता का उलंघन होने तथा अवैधानिक गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की गई

# फेसबुक पर अबैध हथियार की फोटो अपलोड करने वाले आरोपी को ऊमरी ने पुलिस अबैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

थाना ऊमरी। दिनांक 25 अक्टूबर को डीजीपी महोदय श्री सुधीर कुमार सक्सेना के दिशा-निर्देशन पर म.प्र. में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म.प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सैना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिकों की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कार्यवाही कर रही है।इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु सभी जिलों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. श्री असित यादव, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक महोदय मुख्यालय भिण्ड श्री संजय कोच्छ के मार्ग दर्शन में अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी व उनकी टीम द्वारा फेसबुक पर अवैध कट्टा के साथ अपलोड फोटो वाले आरोपी को अवैध कट्टा के साथ किया गिरफ्तार । दिनांक 24/10/2023 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अकोडा स्योंढा रोड।



**आरोपी :** सतीश सिंह बघेल पुत्र भगवान सिंह बघेल उम्र 19 साल निवासी ग्राम सायडाडा थाना उमरी। सांडांडा मोड पर तालाब के पास एक व्यक्ति हाथ में कट्टा लिए वारदात करने की नियत से घूम रहा है सूचना विश्वसनीय होने से मुखबिर की सूचना की तस्दीक की गई तो अकोडा स्योंढा रोड सायडांडा मोड पर तालाब के पास पर एक व्यक्ति मुखबिर के बताये हुलिये का मिला जिसे फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा जिसकी तलाशी ली गई तो उसकी कमर से एक कट्टा मिला उक्त व्यक्ति से उक्त कट्टा रखने के संबंध में लायसेंस पूछा तो उसने अपने पास कोई लायसेंस न होना बताया। आरोपी का यह कृत्य धारा 25 ( 1 ) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय होने से कट्टा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरुद्ध थाना ऊमरी पर धारा 25 ( 1 ) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया

# बालकदास बने फुटकर एवं लघु व्यवसाय प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष फुटकर और लघु व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिर्जा नुरबेग द्वारा बालक दास जोशी को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। श्री जोशी ने अपने मनोनयन पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।उनके मनोनयन पर बधाई देने वालों में डॉ राधेश्याम शर्मा,संतोष त्रिपाठी,पान सिंह सुमन बाबूजी, ब्रजेन्द्र सिंह मुन्ना,आशुतोष शर्मा, विवेक पचौरी,पीसी दीक्षित, मुरारी पुरोहित, देवेंद्र भदोरिया,विपिन पाराशर,सचिन पाराशर,कल्लू पंडित, मोनू कुशवाहा आदि।

# मौ नगर के वार्ड 13 में बरुआ पर जाने वाले रास्ते पर दबंग लोगों ने किया कब्जा रास्ता खुलवाने को लेकर दिया तहसीलदार एवं सी एम ओ नगर परिषद मौ को ज्ञापन



पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ
डॉ.बेताल सिंह गौड़

वार्ड क. 13 द्वारिकापुरी मौ में बरूआ पर जाने वाले आम रास्ते की जाँच कर उसे पुनः खुलवाये जाने को लेकर वार्ड क्र.13 द्वारिकापुरी मौ के लोगों ने तहसील एवं नगर परिषद पहुंचकर अपनी समस्या के बारे में तहसीलदार एवं सी एम ओ महोदय को विस्तार से बताया कि द्वारिकापुरी में बरुआ पर जाने के लिये एक आम रास्ता निकला हुआ था। जो उसी वार्ड के कुछ दबंग लोगो ने जबरन बलपूर्वक बंद कर दिया है। जिससे अब हम समस्त वार्ड वासियों को आने-जाने एवं सावन के अवसर पर भुजरिया बिसर्जन में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। इसलिये उक्त घटना की जाँच कर उक्त आम रास्ते को खुलवाया जायें

# आशापुरा गोरी भाकरी मंदिर में एकादशी पर श्रद्धालुओ ने शीश नमन दर्शन कर खुशहाली कामनाएं की ।





**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

पाली निकट 25 अक्टूबर बुधवार को बाला गांव आशापुरा गोरी भाकरी मंदिर परिसर में एकादशी ग्यारस नवरात्र महोत्सव पर महंत श्री नारायण भारती जी महाराज के सानिध्य में माता आशापुरा देवी की प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्वलित कर सोलह श्रृंगार की चुन्दरी ओढाकर विधि विधान मंत्रोच्चारा से ढोल नगाड़े गाजे बाजे आरती पुजा आराधना की गई वहीं साथ में पुरे दिन भर मेले मे आस पास गॉवो के दुर- दुर आये हुए श्रद्धालु भक्त ने माँ के चरणों में शीश नमन दर्शन कर जयकारे लगाकर भजन महिमा गाकर देश व प्रदेश में सुख समृद्धि खुशहाली के लिए हवन कुंड यज्ञ में आहुतियां दी इसके बाद मे प्रसादी भोग आनंद लिया गया ।इस मौके पर सुमेरपूर पुर्व विधायक मदन राठोड़ भाजपा जिला सहसंयोजक पायल पटेल नाजु देवी ऑजणा हरिभाई पटेल रूपावास जबरसिंह इन्द्रा देवीसिंह इन्द्रा बाला सुंदर कंवर भीखी कंवर गणेश राम पटेल आदमपुरी मांगीलाल घॉची भंवरलाल देवीलाल सोलंकी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# भिण्ड पुलिस ने तैतीस हजार के ईनामी स्थायी वारण्टियों को किया गिरफ्तार

## 33 हजार के वारंटियों को पकड़वाने में सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में ईनामी बदमाशों की धरपकड हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी को मुखबिर तन्त्र विकसित करने के लिये निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में सायवर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक दीपेन्द्र यादव को दिनांक 23/10/2023 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि माननीय न्यायालयों द्वारा पृथक-पृथक प्र0 क0 39 / 09, 371 / 14 एवं 371/14 का स्थायी वारण्टी शास्त्री कॉलोनी भिण्ड में कन्ही जाने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना को प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया वरिष्ठ अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर कुशवाह एवं सायवर सेल की टीम की संयुक्त टीम मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान शास्त्री कॉलानी पर पहुँचे तो आरोपी पुलिस टीम को आता देखकर भागने लगा पुलिस टीम द्वारा आरोपी को चारों तरफ से घेराबन्दी कर गिर. किया गया है,उक्त आरोपी पिछले कई सालो से फरार चला रहे थे जिस पर न्यायालय द्वारा 03 स्थाई वारण्ट जारी किये गये थे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।उक्त क्रम में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक स्थायी वारण्टी दबोहा मोड पर कन्ही जाने की फिराक में खड़ा है उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना देहात एवं सायवर सेल की संयुक्त टीम द्वारा तत्काल मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुँचे तो एक व्यक्ति खडा हुआ मिला जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। उक्त आरोपी पर भी माननीय न्यायालय के प्र.क्र 1109/09 में स्थायी वारण्ट जारी किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया तथा दूसरे के तीन स्थाई वारंट है।थाना देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह,सायबर सेल प्रभारी एसआई दीपेन्द्र यादव,एएसआई सत्यवीर सिहं,प्रधान आरक्षकमहेश कुमार, सतेन्द्र यादव, प्रआर सुमित तोमर, सोनेन्द्र राजावत, गुरुदास,आरक्षक प्रमोद पराशर, आनन्द दीक्षित,संदीप राजावत,मुकेश यादव,रवि यादव, राहुल यादव, ज्ञानेन्द्र मिश्रा,यतेन्द्र राजावत,हरपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



# पुलिस ने पकड़ी 19 किलो चांदी एव 300 ग्राम सोने के आभूषण कीमत लगभग 38 लाख



सारणी। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के साथ ही पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है , निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्स्ज्ञ एव स्नस्स्ज्ञ की टीमों द्वारा सघन चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति कमला जोशी एवम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारणी श्री रोशन जैन के मार्गदर्शन में दिनांक 24.10.2023 को थाना प्रभारी सारणी अरविन्द कुमरे , चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा दिलीप यादव एवं उनकी टीम ने मुखबिर सूचना पर शोभापुर से कालीमाई के बीच में घनश्याम सोनी निवासी केसला जिला नर्मदापुरम को क्रेटा कार सहित पकड़ा जिसके पास सोना चांदी के आभूषण मिलने पर स्नस्स्ज्ञ टीम प्रभारी श्री अजीत सिंह ठाकुर के सुपर्द किया, स्नस्स्ज्ञ प्रभारी अधिकारी द्वारा सोने चांदी के आभूषण चेक करने के उपरांत उक्त माल पर संदेह होने से स्नस्स्ज्ञ अधिकारी द्वारा घनश्याम साहू से सोना एवं चांदी के आभूषण कीमती लगभग 38 लाख रुपए के जप्त कर जांच में लिया गया जिसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को भी दी गई है, उक्त सोने चांदी की जांच की जा रही है

# राष्ट्रों के बीच व्यापार, विकास बेहतर बनाने के लिए जागरूकता: शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि संयुक्त राष्ट हर साल 24 अक्टूबर को विश्व विकास सूचना दिवस मनाता है। 1972 में संयुक्त राष्ट महासभा ने विकासात्मक समस्याओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने और उन्हें हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता के लिए विश्व विकास सूचना दिवस की स्थापना की। थिंक मानवाधिकार संगठन की एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि इनमें उस भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो आधुनिक सूचना-प्रौद्योगिकियां , जैसे कि इंटरनेट और डिजिटल विभाजन से मुक्त मोबाइल टेलीफोन, लोगों को सचेत करने और व्यापार और विकास की समस्याओं का समाधान खोजने में निभा सकती हैं। विश्व विकास सूचना दिवस का एक विशिष्ट उद्देश्य युवा लोगों को सूचित करना और प्रेरित करना था और यह परिवर्तन इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जैन,शालू सिंह एडवोकेट, सुनीता जी, विमला चौधरी, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉक्टर राजेंद्र कुमार जैन, आलोक मित्तल एडवोकेट, रामबाबू वर्मा एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट ,निदेशक डॉक्टर नरेंद्र चौधरी, डॉ एनके शर्मा आदि ने कहा कि विश्व विकास सूचना दिवस 2023 का उद्देश्य देशों में विकास समस्याओं को हल करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी की ताकत का उपयोग करना है। सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से जनता की राय एकत्रित की जाती है ताकि विवादों को भी शीघ्रता से हल किया जा सके और राष्टों के बीच विकासात्मक परियोजनाएँ चलाई जा सकें। विश्व विकास सूचना दिवस 2023 विभिन्न राष्टों की विकासात्मक परियोजनाओं के साथ सेमिनार आयोजित करता है और राष्टों के बीच व्यापार, बुनियादी ढांचे के विकास आदि को कैसे बेहतर बनाया जाए, इस पर लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकों का निर्देशन करता है, विचारों को साझा किया जाएगा और जनता की राय लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की जा सकती है। ताकि उनकी समस्याओं को समझना आसान हो।



# भ्रमित युवा पीढ़ी को सही राह दिखाती सहजयोग पर आधारित कलाकृति

व्हिस्लिंग वुड्स इंटरनेशनल के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता सुभाष घई के शिष्य प्रशांत नाइक द्वारा निर्देशित, फिल्म महालक्ष्मी पथ परम पूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी द्वारा दिए गए एक अमूल्य उपहार सहज योग के

### महालक्ष्मी पथः द इवोल्यूशन

माध्यम से अपनी आंतरिक आध्यात्मिकता की खोज करने वाले चार परिवारों की गहन यात्रा को कलात्मक रूप से प्रदर्शित करती है। बहुप्रतीक्षित सिनेमाई रत्न, ÷महालक्ष्मी पथ - द इवोल्यूशन, 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमा थिएटर्स में रिलीज होगी। दिवाली के पूर्व एक अद्भुत आध्यात्मिक यात्रा पर निकलें और पाइये सहजयोग की महालक्ष्मी शक्ति का अनुभव इस 125 मिनट की बॉलीवुड स्टाइल में बनी फिल्म महालक्ष्मी पथ - द इवोल्यूशन के साथ। ये फिल्म प्रशंसित गृहलक्ष्मी-द अवेकनिंग की अगली कड़ी है।



**निर्देशक प्रशांत नाइक ने कहा-** फिल्म महालक्ष्मी पथ द इवोल्यूशन का निर्माण एक दिव्य अनुभव रहा है, जिसमें श्रीमाताजी के आशीर्वाद और सहज योग द्वारा परिवर्तित व्यक्तियों की प्रामाणिक और संवेदनशील कहानियों को चित्रित किया गया है। हमें उम्मीद है कि फिल्म दिलों और आत्माओं को छूकर गुजरेगी । निर्माता डॉ. संजय रोशन तलवार ने जोर देकर कहा, फिल्म ध्यान और ईश्वर की दिव्य आशीर्वाद की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करती है। ध्यान की गहराई नियति का पुनर्निर्माण करने की क्षमता रखती है। कशिश गोस्वामी, आदित्य कोठारी, निशांत पराशर, भूमिका शर्मा, प्रथम गटकल, वीणा मोरे, श्रद्धा तलवार, राज जुत्शी, दिव्या त्रिपाठी, बानी चोपड़ा, डॉ. मिथिला बगई, रुचिका लोहिया, डॉ. संजय रोशन तलवार, अनु वर्मा, एनएन टिक्कू, राम विजयवर्गीय और जयंत पाटनकर आदि कलाकार इस फिल्म में मौजूद है । यह फिल्म जटिल पारिवारिक संघर्षों , आध्यात्मिक जागृति और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दैवीय कृपा की भूमिका का एक सम्मोहक अन्वेषण है। महालक्ष्मी पथ-द इवोल्यूशन एक सिनेमाई उत्कृष्ट कृति के रूप में खड़ा है जो नियति, अनुग्रह और सहज योग ध्यान की परिवर्तनकारी क्षमता तथा आध्यात्मिकता और मानवीय भावनाओं का संतुलित मिश्रण है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अपने पहले रिलीज चरण में पूरे भारत में 5 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में 50 स्क्रीनों पर रिलीज होगी। सपरिवार इसका आनंद प्राप्त करें। आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# भारत के गुजरात में भूकंप का सबसे बड़ा खतरा!

## विनाश लीला शुरू! प्रकृति ले रही बदला!

दुनिया चाहे कितनी भी आगे बढ़ जाए, कितनी ही बड़ी आधुनिक हथियार या मशीन तैयार कर ले, लेकिन ये प्रकृति से जीत नहीं सकती, प्रकृति तो अपना बदला लेकर ही रहती हैं. ये कहना हैं भारत के भविष्यवक्ता अभिषेक सिंघल जी का. जी हाँ ये अपनी भविष्यवाणी के लिए सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं और इन्होंने हाल ही मे सोशल मीडिया पर अपनी भविष्यवाणी शेयर की हैं कि दुनिया मे जल्द ही बहुत बड़ा भूकंप आने वाला हैं और भारत के गुजरात में सबसे बड़ी तबाही हो सकती हैं. भविष्यवक्ता अभिषेक सिंघल को आँखों के सामने भविष्य नजर आता हैं और ये भूकंप के कंपन को मेहसूस भी कर लेते हैं और ये शक्ति इनके पास बचपन से ही हैं. इन्होंने अपनी आँखों के सामने दुनिया मे भूकंप से तबाही का मंजर देखा लेकिन भारत के गुजरात में सबसे बड़ी तबाही देखी और साथ में देखा कि तबाही के बाद हर जगह एम्बुलेंस की लाइन लगी हैं. इन्होंने जनता से गुजारिश की हैं कि आप सभी लोग भूकंप के झटके महसूस होने के बाद किसी खुले स्थान में निकल जाए ताकि आप सभी लोग सुरक्षित रह सके.



## विधानसभा निर्वाचन के

# दूसरे दिन 6 नामांकन पत्र हुए दाखिल

रीवा क्टू. रीवा जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों तथा मऊगंज जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन कुल 6 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विधानसभा क्षेत्र रीवा में एक, विधानसभा क्षेत्र सेमरिया में दो, विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में दो तथा विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र मनगवां, विधानसभा क्षेत्र गुड़, विधानसभा क्षेत्र त्योंथर तथा विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में अब तक एक भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। अब तक कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन



अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी की गई। 22 अक्टूबर को रविवार के अवकाश के बाद 23 अक्टूबर को नामांकन के दूसरे दिन पाँच नामांकन पत्र दाखिल किए गए। विधानसभा क्षेत्र रीवा से श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र सिरमौर से श्री दिव्यराज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के रूप में तथा श्री विष्णुदेव पाण्डेय ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र सेमरिया से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में श्री अभय मिश्रा तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में श्री कृष्णपति त्रिपाठी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में श्री सुखेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र 24 अक्टूबर को दशहरा का अवकाश होने के कारण दाखिल नहीं होंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय सीमा 30 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक है।

# यदि रावण वाला कर्म- मांस, शराब का सेवन, दूसरे की औरत को गलत नजर देखोगे तो रावण जैसा ही हश्र होगा

## दशहरा के दिन मन की गति और चाल को रोक ले गए, बुराइयों को छोड़ दिया तो आपका ये मन का रावण मर जाएगा

उज्जैन म.प्र पर्व और त्योंहार मनाने के पीछे छिपे असली उद्देश्य और संदेश को सरल शब्दों में बताने-समझाने वाले ताकि सभी इनसे मिलने वाले भौतिक और आध्यात्मिक लाभ को प्राप्त कर सके, इस समय के युगपुरुष पूरे समरथ सन्त सतगुरु उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 23 अक्टूबर 2023 को जयपुर में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि रावण के अहंकार ने उसकी विद्वता, शक्ति, तपस्या का नाश कर विनाश करवा दिया रावण कौन था। बड़ा विद्वान, बलवान, बड़ी शक्ति ताकत वाला था। बहुत तपस्या, मेहनत किया था। पूजा भक्ति करते-करते शिव की इतनी शक्ति रावण के अंदर आ गयी थी कि कहता था जमीन से स्वर्ग तक सीढ़ी लगा दूंगा और सीढ़ी पर चढ़कर के लोग स्वर्ग पहुंच जाएंगे। ज्ञानी था, बहुत सक्षम था, धन इतना था कि सोने की लंका थी, ताकत इतनी थी कि उसके सामने लड़ाई में आने में बड़े-बड़े देवता घबराते थे। जब जैसा चाहता, रावण हवा को रोक देता, तेज-कम चलाता था।

**वरुण, कुबेर, सुरेश, समीरा।**
**रण सन्मुख धरि काहूँ न धीरा।।**

लेकिन उसको राक्षस क्यों कहा गया। उसका सर्वनाश क्यों हुआ। रावण के घर में एक लाख पूत सवा लाख नाती, एक भी नहीं बचे क्यों?

**रावण के विनाश का कारण**-क्योंकि उसके अंदर प्रमुख रूप से तीन बुराइयां आ गई थी- मांस खाता था, शराब पीता था अब दूसरे की मां-बहन को गलत नजर देखता था। जब मांस खाया और उसी का खून बना, शराब पिया वैसे ही बुद्धि हो गई। बुद्धि भ्रष्ट जब हुई, तब दूसरे की मां-बहन को अपनी ही पत्नी समझने लगता था तो मन उससे पाप करा देता था और उसके अंहकार में आ जाता था कि हमारे पर रोक-टोक नहीं है, कोई एक्शन-रिएक्शन नहीं है, हम तो आजाद हैं, पावरफुल हैं तो वह अहंकार उसको खत्म सर्वनाश करा दिया।




**यदि आप भी वैसा ही बुरा कर्म करोगे तो**-महाराज जी ने 25 अक्टूबर 2020 को उज्जैन आश्रम में बताया कि अब आपका मन अगर उसी तरह से कामी, क्रोधी हो गया तो रावण वाले कर्म अगर आप करोगे तो शरीर से पाप बन जाएगा। दूसरे की औरत को, बच्चियों दूसरे के पुरुष को गलत नजर देखने लग जाओगी तो शरीर पापी हो जाएगा। पाप की सजा तो मिलती है, पाप का अंत तो होता है। पाप जब बहुत बढ़ जाता है तब धर्म की स्थापना होती है। आज दशहरा के दिन मन की गति-चाल को रोक ले गए, बुराइयों को छोड़ दिया तो आपका ये मन का रावण मर जाएगा। मन को आज मारने की जरूरत है। और आज अगर दशहरा के दिन आप मन की गति को, चाल को, मन को, रोक ले गए और अभी तक की गई सभी बुराइयों को छोड़ दोगे, शरीर के अंग से बुराइयां करके शरीर को गंदा, अपवित्र, पाप किया उसको अगर आप छोड़ दोगे तो समझो कि आपका यह मन का रावण मर जाएगा। और यही मन फिर उधर ऊपर प्रभु की तरफ लग जाएगा।

# झांकियों में दर्शन कर विधायक ने की क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना

बैरसिया। विधायक और भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने नवरात्रि के दौरान ग्रामीण क्षेत्र सहित नगर में कई झांकियों में माँ के दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने महाआरती और महाभोगों में शामिल होकर महाआरती की तो वहीं महाभोगों में प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा क्षेत्र में हो रहे रामलीला मंचन में भी श्री खत्री ने शामिल होकर कलाकारों का हौंसला बढाया। गौरतलब है कि पिछले नो दिवस से क्षेत्र की जनता माँ की आराधना करने में जुटी हुई है। क्षेत्र में जगह-जगह माँ की झांकियां सुशोभित है। इस दौरान क्षेत्र में गरबा के आयोजन भी किये जा रहे है। माँ जगदंबा की झांकियों में पहुँचकर विष्णु खत्री ने अपनी विजय के लिए माँ से आराधना की। साथ ही क्षेत्र की सम्रद्धि के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उनके साथ अनेक भाजपा कार्यकर्ता थे।



## अंधे माँ बाप का खोया बेटा पहुंचा अपनों के बीच

रीवा। कुंभ मेले से लगभग 8 वर्ष पूर्व गायब हुआ लवकुश आज अपने दृष्टिहीन माँ बाप के पास वापस आ गया। मऊगंज जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के प्रयासों से अंधे माँ बाप को उनका सहारा मिल गया और उनके जीवन में नई रोशनी का संचार हुआ वह गदगद भाव से कलेक्टर को कोटिशः धन्यवाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना करते रहे। मऊगंज जिले के कलेक्टर के द्वारा भेजे गये प्रशासनिक अमले के लोग लवकुश को लेकर कलेक्ट्रेट मऊगंज पहुंचे जहां कलेक्टर ने स्वयं बच्चे का स्वागत किया तथा उसे उसके परिजनों सहित बराती गांव भेजने की व्यवस्था कराई। कलेक्टर की मदद के लिये लवकुश के पिता श्री छकौड़ी लाल ने ह्मदय से धन्यवाद दिया। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बताया कि पूरा परिवार प्रसन्न है। उनका बेटा अब उनके साथ है। उन्होंने बच्चे को शुभकामना दी तथा उससे आगे शिक्षा ग्रहण करने व सक्षम बनने की बात कही। उन्होंने छकौड़ीलाल को आश्वस्त किया कि उनके भैंसे पालन के व्यवसाय में हर संभव मदद की जायेगी।





# भाजपा ने किया रतुआ और हर्राखेड़ा में चुनावी कार्यालय का किया शुभारंभ

**बैरसिया।** भारतीय जतना पार्टी प्रत्याशी विष्णु खत्री कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार में जुट गए है। मंगलवार को भाजपा ने हर्राखेड़ा मंडल में हर्राखेड़ा और रतुआ में चुनाव प्रचार कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने कहा कि आप जुट जाएं। हमने और हमारी सरकार ने जो विकास किया है। उसके बारे में मतदाताओं को बताएं। उन्होंने कहा कि हम आगामी समय में बैरसिया-भोपाल मार्ग को फॉर लेन करने के लिए संकल्पित है। इसके साथ ही क्षेत्र में हमे और विकास करना है। हम क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित है। कार्यालय शुभारंभ के बाद भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव की रणनीति के लिए बैठक आयोजित की। बैठक में चुनाव प्रचार कैसे करना है। इसके अलावा मतदाताओं के बीच कैसे पहुँचना है। इस पर चर्चा की। उक्त कार्यालयों से इस मंडल से के अंतर्गत आने वाले गांवों में प्रचार की रणनीति तय कर एक-एक कार्यकर्ता जुटेगा। इस मौके पर कांग्रेस के हाकम सिंह पटेल और ब्रजेश भार्गव भाजपा शामिल हुए।

# मतदाता जागरूकता मेगा रैली 26 अक्टूबर को

## रैली आयोजन के संबंध में बैठक सपन्न

रीवा। विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 26 अक्टूबर को मेला रैली आयोजित की गई है। मतदाता मेगा रैली आयोजन की तैयारियों के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एंव शहर मे स्थित शासकीय एंव अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो से चर्चा करते हुए विद्यालयो मे कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियो को मेगा रैली मे शामिल कराने एंव सभी महाविद्यालयो के छात्रों व शिक्षकों को अनिवार्य उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी विद्यालयो एंव महाविद्यालयो के छात्र संख्या अनुसार उपस्थित के निर्देश भी दिये साथ ही मेगा रैली मे शामिल होने वाली प्रतिभागियो के लिये आवश्यक व्यवस्था हेतु नगर निगम एंव जिला कीडा अधिकारी को निर्देशित किया गया। रैली का पुलिस विभाग जिप्सी एंव सगीत बैण्ड अगुवाई करेगे। एस.एफ. जवान, एन.सी.सी., एन.एस.एस., टीआरएस,माडल साइस कालेज, जीडीसी कालेज, जीडीसी कालेज, जेएनसीटी कालेज, पेटियम पांइट कालेज, एमएलसीटी कालेज, सौदामनी नर्सिग कालेज, सेन्ट्रल एकैडली स्कूल, बाल भारती स्कूल, ज्योति स्कूल, सरस्वती स्कूल जेलमार्ग/निरालनगर, पी.के. स्कूल मार्तण्ड स्कूल 1,2. एवं 3 गवर्मेन्ट स्कूल 1 एवं 2 एस.के. केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एनजीओ, महिला एंव बाल विकास, एन यू एल एक विभाग शामिल होगे। मेगा रैली में नेहरू यूवा केन्द्र भी शामिल होगा। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने मेगा रैली के संबंध में आयोजित तैयारी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप आशीष द्विवेदी द्वारा विस्तार से मेगा रैली के संबंध में अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने रैली के सफल आयोजन का संकल्प लिया।



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की

पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में अब तक की गई तैयारियों तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान की जा रही आगामी तैयारियों व व्यवस्थाओं की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने समीक्षा की। उन्होंने चेक लिस्ट के अनुसार अद्यतन कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिव्यांग तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिये डाकमत पत्र से घर से ही मतदान की सुविधा के लिये मतदान सूची अनुसार बीएलओ के माध्यम से आवेदन पत्र भरवाने तथा उन्हें मतदान की सुविधा के लिये की गई विधानसभा क्षेत्रवार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि बीएलओ को सभी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दें ताकि आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदान की व्यवस्था हो सके और गोपनीयता न भंग हो।जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभावार मत पत्र की संख्या व उसके लिये की गई मतदान व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दिवस से पूर्व शत-प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण किये जाने के निर्देश दिये तथा मतदान दिवस में संबंधित प्रशिक्षित बीएलओ की उपस्थित सुनिश्चित कराई जाय ताकि केन्द्र में भी? न लगे



और सभी मतदाता सुविधानुसार मतदान कर सके। जिन मतदान केन्द्रों में वीडियोग्राफी होनी है वहां पर्याप्त संख्या में वीडियो कैमरा मैन की उपस्थित तथा वाहनों में आयोग के दिशा निर्देशानुसार जीपीएस सिस्टम लगायें जाने के भी निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दल गठन प्रभारी सीईओ जिला पंचायत से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण हों तथा वारीक प्रशिक्षण दिया जाय। स्वीप गतिविधि के तहत जिले में मतदाता जागरूकता के लिये किये जा रहे कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में दिये गये। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियों का सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाय। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी दिनों में अभ्यर्थियों व उनके एजेंट का प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश दिये तथा मतदान दल कर्मियों को मतदान में प्रस्तुत होने वाली सामग्री की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सभी सामग्री थैले में दी जाय तथा उसकी चेकलिस्ट भी हो। बैठक में मतदान दल वितरण एवं वापसी स्थल इंजीनियरिंग कालेज में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिये गये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने निर्वाचन में अभी तक की गई व्यवस्थाओं व आगामी व्यवस्थाओं की कार्ययोजनावार जानकारी दी

## विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर से गिरने से युवक की हुई मौत

पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)

**मऊगंज।** हनुमाना तहसील ग्राम अर्जुनपुर से दुर्गा मात माता को विसर्जन करने के लिए नई गाड़ी अष्टभुजा माता क्षेत्र अष्टभुजी माता के पास विसर्जन कर घर वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में चिरैया गांव पहुंचते ही रोहित ट्रैक्टर से गिरकर घटना स्तर पर ही मौत हो गई सूचना पुलिस थाना हनुमान को मिली तो घटनास्थल में पहुंचकर मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेते हुए और घटनास्थल की जांच में जुटी है जब घटना की जानकारी ग्राम अर्जुनपुर में हुआ तो ग्राम बसी में मातम छा गया है।

## गुढ़ पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार सवार युवक से 3 लाख रुपए किया बरामद



पुष्पांजली टुडे रीवा

**गुढ़,रीवा।** विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर को देखते हुए रीवा सीधी सीमा मोहनिया टनल के समीप एस एस टी टीम द्वारा सीधी से रीवा आ रहे युवक के कार में रखे 3 लाख रुपये नगद बरामद किए जिसके कागजात न मिलने पर पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया और आगे की जांच पड़ताल की जा रही है युवक 3 लाख लेकर सीधी जिले से रीवा की ओर आ रहा था इसको सीधी सीमा पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया है कार्यवाही के दौरान गुढ थाना प्रभारी विकास कपीस एएसआई सुरेश साकेत सहित स्टाफ के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## छूहिया घाटी में एक बाईक सवार पुलिस कर्मचारी कि बहुत ही दर्दनाक मौत,ट्रक के टायर के नीचे फंसने से हुई दर्दनाक मौत...

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा।गोविन्दगढ़ थाना अंतर्गत शहडोल मार्ग में बीते कल शाम को छुहिया घाटी मे एक बाईक सवार पुलिस कर्मचारी जिसकी सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है,रीवा के गोविन्दगढ़ छूहिया घाटी में एक ट्रक कि चपेट में आने से ब्यौहारी थाना में पदस्थ रहे सहायक उप निरीक्षक अंजनी प्रसाद तिवारी उम्र 58 वर्ष वर्तमान निवास



अजगरहा रीवा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, स?क हादसे कि सूचना मिलते ही गोविन्दगढ़ थाना पुलिस जो मौके पर पहुंची, एवं पुलिस कर्मचारी के शव को पोस्टमार्टम हेतु रीवा स्तरू के मर्चुरी में रखवा दिया गया है, जिसका पीएम आज होगा, गोविन्दगढ़ थाना पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रक को जप्त कर मामले को कार्यवाई में ले लिया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री वितरण स्थल का किया निरीक्षण

## ईव्हीएम व अन्य सामग्री वितरण तथा बसों की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में दिए निर्देश

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा।. जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान जिलेभर में स्थित 2014 मतदान केन्द्रों में होगा। मतदान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से किया जाएगा। मतदान के लिए मशीनों के साथ-साथ मतदान सामग्री शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में तैयार की जा रही है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदान सामग्री वितरण के लिए बनाए गए केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक मतदान दल को निर्वाचन आयोग की चेकलिस्ट के अनुसार मतदान सामग्री




एवं ईव्हीएम उपलब्ध कराएं। किसी भी थैले में निर्धारित संख्या से कम सामग्री न रहे। नोडल अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करके थैले में रखी जा रही मतदान सामग्री का मिलान अनिवार्य रूप से कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री वितरण स्थल में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए जाने वाले सामग्री वितरण स्थल का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि वितरण स्थल में ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे संबंधित विधानसभा के लिए निर्धारित ईव्हीएम आसानी से पहुंच सके। उन्होंने वितरण एवं वापसी स्थल में पार्किंग के लिए बनाए गए स्थान का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

## मेगा रैली आज - अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी,मतदाता जागरूकता मेगा रैली के लिए अधिकारी तैनात

पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में जिले के सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रीवा शहर में 26 अक्टूबर को मेगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली में ब?ी संख्या में मतदाता, विद्यार्थी, अधिकारी, कर्मचारी तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। रैली दोपहर 12 बजे टीआरएस कालेज मैदान से आरंभ होगी। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नोडल अधिकारी स्वीप डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि रैली टीआरएस कालेज मैदान से आरंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस टीआरएस कालेज मैदान पहुंचेगी। मेगा रैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन द्वारा रैली के लिए मंच तैयार करने, पानी, साउण्ड सिस्टम आदि की व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी तथा सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य रैली में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें। नोडल अधिकारी ने बताया कि रैली को कतारबद्ध करने एवं नगर के प्रमुख मार्गो में सुव्यवस्थित तरीके से भ्रमण करने के लिए जिला खेल अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। रैली के दौरान नगर के प्रमुख मार्गो में यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। अग्रणी बैंक प्रबंधक रैली में शामिल प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता कैप तथा अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री प्रदान करेंगे। संभागीय समन्वयक जनअभियान परिषद प्रवीण पाठक शहर के सभी अशासकीय संगठनों की रैली में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। सभी मतदाताओं से भी रैली में शामिल होने की अपील की गई है।

## मतदान से 48 घण्टे पहले बन्द होंगी मदिरा दुकानें,मतदान और मतगणना दिवस में बंद रहेंगी

पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** शांतिपूर्वक मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) के तहत मतदान से 48 घण्टे पूर्व जिले भर में सभी देशी तथा विदेशी शराब की मदिरा दुकानें बन्द कर दी जाएंगी। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 15 नवम्बर 2023 को शाम 6 बजे से 17 नवंबर 2023 को मतदान समाप्ति तक तथा मतगणना दिवस 3 दिसंबर 2023 को पूरे दिन जिले भर में मदिरा की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध की अवधि में मदिरा का ऋय, विक्रय एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## जिला एवं पुलिस प्रशासन ने जताया आभार

पुष्पांजली टुडे रीवा

रीवा।नवीन करहिया घाट में हाइड्रा द्वारा की मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था को जिले में सराहना मिली है। उचित एवं सुरक्षित व्यवस्था से लगभग 25 ब?ी मूर्तियों का विसर्जन किया गया अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था सुरक्षित और व्यवस्थित रही साथ ही इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि एवं कोई दुर्घटना नहीं हुई। यह तय किया गया है कि भविष्य में इस घाट को पक्के घाट के रूप में विकसित करते हुए यहां व्यवस्थित रूप से हाइड्रा क्रेन मशीन रखी जायेगी। आम जनता द्वारा इस कार्य में किये गये सहयोग के प्रति धन्यवाद देते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कमिश्नर नगर निगम के साथ एचके त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री सुखेन्द्र चतुर्वेदी अतिक्रमण प्रभारी, पूर्वी अग्रवाल उपयंत्री, नरेन्द्र जोगी उपयंत्री, अभिषेक तिवारी एवं हाइड्रा ऑपरेटर की प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसी सहयोग करने की अपेक्षा की गई।

# मेडिकल स्टोर में भड़की आग, एक करोड़ की दवाई नष्ट



मऊगंज। जिले के शाहपुर थाना अंतर्गत खटखरी बाजार की एक मेडिकल दुकान में भीषण आगजनी हुई है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात कारणों से गत 21-22 अक्टूबर की आधी रात साक्षी मेडिकल स्टोर में आग भ?क गई। दुकान संचालक को पड़ोसी दुकानदारों ने सूचना भेजवाई है। जानकारी के बाद पीड़ित दुकानदार ने पुलिस सहित दमकल वाहन को अवगत कराया है।सूचना के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके परसूचना के करीब एक घंटे बाद हनुमना और मऊगंज नगर परिषद का फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचा है। तब तक पूरा मेडिकल स्टोर जलकर राख बन गया था। शुरूआती जांच में एक करोड़ के आसपास की दवाई राख हो गई है। चोरों तरफ नुकसानी का मंजर है। आग ने ऐसा तांडव मचाया है कि पक्की दीवार की छपाई व प्लास्टर जलकर नीचे गिर गया। सिर्फ ईट दिख रही है।रीवा लोकायुक्त की टीम ने 5000 रिश्वत लेते पटवारी को किया गिरफ्तार रीवा लोकायुक्त की **टीम ने 5000 रिश्वत लेते पटवारी को किया गिरफ्तार**-पीड़ित बृजकांत शर्मा 50 वर्ष ने बताया कि वह खटखरी बाजार में साक्षी मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान संचालित करता है। वह शनिवार की रात 9 बजे दुकान बंदकर धरमपुरा गांव चला गया। रविवार की भोर 4 बजे पड़ोसी ने दुकान में आग लगने की सूचना दी। तुरंत भागकर खटखरी बाजार आया। दुकान की बिकराल आग देख होश उ? गए। सूचना के बाद भी दमकल वाहन लेट आई है।**कारण अज्ञात**-शाहपुर थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर की मानें तो आगजनी के कारण अज्ञात है। यह भी पता नहीं चल पा रहा है कि आग कितने समय लगी है। जब प?ोसी ने देखा है तब दुकान धू धूकर जल रही थी। आग की लपटे खि?कियों से बाहर निकल रही थी। मेडिकल सामान होने के कारण पूरा सामान नष्ट हो गया है। रात होने के कारण समय पर रेस्क्यू नहीं हो पाया है।

# रीवा लोकायुक्त की टीम ने 5000 रिश्वत लेते पटवारी को किया गिरफ्तार


रीवा। रीवा लोकायुक्त की टीम ने 5000 की रिश्वत लेते पटवारी को गिरफ्तार किया है। हल्का पटवारी डेगरहट रामपुर बघेलान तहसील में पदस्थ है। पटवारी संतोष कुमार सतनामी ने शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। आज प्रथम किस?त 5 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त रीवा ने घर में रंगे हाथ ट्रैप किया गया। आगे की कार्रवाई जारी रही।शिकायतकर्ता अजय कुमार साहू से संतोष कुमार सतनामी पटवारी द्वारा आवेदक के नाम दर्ज जमीन से उसका नाम अलग कर कामता साहू के नाम जमीन करने की धमकी दी थी। ?15000 रिश्वत की मांग की गई थी, इस बात की शिकायत लोकायुक्त संभाग रीवा के पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह धाकड़ को की गई थी। संतोष कुमार सतनामी ने 15000 रुपये की रिश्वत मांगी है, जिसकी प्रथम किस्त ?5000 लेते हुए ट्रेप कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई। संतोष कुमार सतनामी पटवारी को शिकायतकर्ता अजय कुमार साहू से 5,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ ट्रैप किया गया।




## सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति अमलीपदर के द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव में सारेगामापा की रनरर रही हिंदी उड़ीसा और तमिल की सुप्रसिद्ध सिंगर अमृता नायक ने मचाई धूम



9 दिन नवरात्र के उपलक्ष में सार्वजनिक नवदुर्गोत्सव समिति द्वारा हर साल कि भाती इस साल भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम रखा गया था और इसी क्रम में दशहरा उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम रखा गया था जिसमें उड़ीसा के साथ-साथ कई अलग राज्यों से सिंगारे को बुलाया गया था जिसमें प्रमुख सिंगर अमृता नायक थी साथ ही उड़ीसा के सुप्रसिद्ध सिंगर ,॥ स कुमार, आंचल पान, ज्योतिका , धनुर्जय सुना जैसे बड़े सिंगर प्रस्तुति दी इस कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य युवराज पांडे जी निर्भय ठाकुर जी सरवन सतपति जी के द्वारा पूजा अर्चना कर आयोजक समिति प्रमुख श्री विजय पटेल जी श्री अनुराग वाघे श्री उत्तम तिवारी जी श्री जी श्री डुग्गू ठाकुर जी श्री अमर सतपति जी श्री आशुतोष सिंह राजपूत (चिराग ठाकुर) जी श्री शुभम सतपति जी के द्वारा प्रारंभ किया गया



## विशेष पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।**रीवा तथा मऊगंज जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान तथा मतगणना के समय बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। इनमें केन्द्रीय पुलिस बल, अर्द्धसैनिक बल, एसएएफ, जिला पुलिस बल तथा होमगार्ड के जवान शामिल हैं। इनके साथ-साथ मतदान केन्द्रों में विशेष पुलिस अधिकारी भी तैनात रहेंगे। इसमें मुख्य रूप से वन विभाग सहित अन्य विभागों के मैदानी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। विशेष पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण 26 अक्टूबर को प्रातः10 बजे से कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। सभी विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## विधानसभा दमोह 55 के भाजपा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने नामांकन पर्चा भरा

### नामांकन पर्चा जमा करने के दौरान मलैया के साथ बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित



पुष्पांजली टुडे

दमोह। विधानसभा 55 से भाजपा के प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने अपना नामांकन दाखिल किया। दमोह के जबलपुर नाका स्थित तहसील कार्यालय पहुंचकर दमोह-55 विधानसभा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया ने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। मलैया के नामांकन पर्चा दाखिल करते समय दमोह भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय सचिव डॉ. श्रीमती सुधा मलैया, दमोह भाजपा महामंत्री रामेश्वर चौधरी, गोपाल पटेल, पूर्व महामंत्री रमन खत्री, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, श्याम शिवहरे, श्यामा उरैती, राघवेंद्र सिंह ऋषि सहित ब?ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही ।

## मध्यप्रदेश में मिली करारी हार ने खोले राजनीति के नए दरवाजे, 2 बार मिली मुख्यमंत्री की कुर्सी

मध्यप्रदेश में मिली करारी हार ने खोले राजनीति के नए दरवाजेपहले ही चुनाव में वसुंधरा को भिंड में मिली थी शिकस्तमध्यप्रदेश में मिली हार के बाद वसुंधरा ने किया राजस्थान कूच



इलेक्शन डेस्क, इंदौर। जब देश आजाद हुआ तब ग्वालियर का सिंधिया राजघराना देश की सबसे बड़ी रियासत थी। सिंधिया राजघराना देश की राजनीति में भी अग्रणी ही रहा और आज भी है। सिंधिया परिवार जीवाजी राव, राजमाता विजयाराजे से लेकर, माधवराव और अब ज्योतिरादित्य तक कई सदस्य केंद्र से लेकर राज्य तक उच्च पदों पर बैठे। रियासत की उतार-चढ़ाव भरी राजनैतिक सियासत में कहानी परिवार के उस सदस्य की जिसको अपने पहले ही चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन इस हार ने राजनीति में उनके लिए नए दरवाजे खोल दिए। जिसके बाद 2 बार राजस्थान की कमान संभाली।

**पहले ही चुनाव में मिली करारी शिकस्त**-वंसुधरा राजे सिंधिया ग्वालियर के शासक जीवाजी राव सिंधिया और उनकी पत्नी राजमाता विजया राजे सिंधिया की चौथी संतान है। जिनकी राजनीतिक किस्मत लोकसभा चुनावों में हार से खुली। भाजपा के टिकट पर 1984 में वसुंधरा राजे ने मध्यप्रदेश के भिंड लोकसभा क्षेत्र से अपने जीवन का पहला चुनाव ल?ा लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णा सिंह से उन्हें 88 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा। उस वक्त पूरे देश में इंदिरा गांधी की हत्या की वजह से कांग्रेस के पक्ष मे सहानुभूति लहर चल रही थी

# सन्त बाबा उमाकान्त जी ने मांसाहारी और शाकाहारी में कुदरती अंतर बता कर समझाया मांस, मनुष्य का भोजन नहीं है

## कबीर गुरु की भक्ति बिन, गुरु की भक्ति बिना तो कहीं ठौर नहीं

**करनाल (हरियाणा)।** प्रकृति के नियमों को पूरा जानने समझाने वाले, सरल शब्दों में उसे समझा कर मनुष्य को कुदरत के नियम न तोड़ने की शिक्षा देने वाले, आगामी कुदरती कहर से बचाने वाले, इस समय के महापुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 17 जून 2023 सायं करनाल (हरियाणा) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि दुनिया की यह सारी चीजें प्रकृति, कुदरत (भगवान) जिसको कहते हो, उसने आदमी के फायदे के लिए बनाई है। नदी तालाब इसलिए बनाया कि बरसात



में गड्ढा रहेगा तो पानी वहां इकट्ठा हो जाएगा और आदमी, जानवर, पशु-पक्षी सब पानी का इस्तेमाल करेंगे। लेकिन गंदा पानी कोई पीना पसंद करता है। गंदा पानी जानवर भी जल्दी नहीं पीते हैं, शुद्ध साफ पीते हैं। जब धूल, मक्खी, मच्छर उसमें गिरेंगे तो पानी गंदा होगा। शुद्धता उसमें कैसे आएगी? उसके लिए मछली को बना दिया। मछली का काम तालाब में पड़ी हुई गंदगी को साफ करना होता है। कोई मुर्दा, बकरा, मुर्गा या पेशाब-टट्टी का टुकड़ा डाल दो तो मछली खाती है। देखो कुदरत ने कैसा हिसाब बनाया है। जब मर जाती है तो मछली, मछली को नहीं खाती है। गिद्ध और कौवे का भोजन मछली है। इस समय तो लेट्रिन घर-घर में बन गई। पहले इतनी नहीं थी। जो इसमें (आई हुई भक्तों की भारी भीड़ में) सतर साल के बैठे हुए हो, आप लैट्रिन जानते भी नहीं रहे होंगे कि कैसी होती है। उस समय होती भी थी तो बड़े आदमी के यहां। दो ईंट और बीच में गड्ढा होता था। सफाई करने वाले आदमी सफाई किया करते थे। लोग जल्दी उठते, खेतों में जाते थे। स्वास्थ्य सही रखने के लिए सूरज निकलने से पहले उठना फायदेमंद होता है। सुबह अंधेरे में जाकर स्त्री-पुरुष बाहर लेट्रिन करके चले आते थे। अगर गांव भर का लेट्रिन इकट्ठा हो जाए तो सड़ेगा, हवा से बदबू ?लेगी। तो कुदरत ने (व्यवस्था किया)। लंबे मुंह वाले सूकर होते हैं, सोलह-अट्ठारह बच्चे एक साथ देती है, वह सूकरी अपने पूरे परिवार को सूर्योदय से पहले ले जा कर साफ करके चली आती थी। तो यह उन्हीं के लिए बनाया है। जब ऐसे जानवर मर जाते थे तो गिद्ध, कौवा, पक्षी, कुत्ता आदि जो मांसाहारी है, उनको खाते थे। कुदरत ने पहचान बना दिया। सींग वाला जानवर को कोई देखता है तो होशियार हो जाता है कि दौड़ कर मारेगा। नुकीले दांतों वाले जानवरों से लोग दूर रहते हैं कि नोंच कर न खा ले। तो पहचान बना दिया है कि यह जानवर मांसाहारी है। मांसाहारी और शाकाहारी दोनों तरह के जानवरों की पहचान अलग-अलग है, और आदमी की पहचान अलग है। प्रकृति ने बनाया है।

**कुछ पहचान आपको बता दें**-कुत्ता, बिल्ली, शेर आदि मांसाहारी जानवरों की आंखें गोल, चमकीली होती है। अंधेरे में आपको दूर तक नहीं दिखेगा लेकिन इनको रात में दूर तक दिखाई पड़ता है। ब?ा जानवर, छोटे को खा जाता है जैसे शेर खा जाता है। आहार, आहार के लिए इनको बनाया गया है। आदमी की आंखें लम्बी होती है। इन जानवरों के बच्चों की आंखें तीन-चार दिन बाद खुलती है। इनका मुंह भी साफ करने में कुछ समय लगता है। इनकी माँ चाट-चाट के गंदगी को हटाती है तब मुंह साफ होता है उसके बाद बच्चे दूध पीना शुरू करते हैं। मनुष्य के बच्चे की आंख, मुंह पैदा होते ही खुल जाते हैं, तभी जोर से चिल्लाता, रोता है। जानवर और कीड़े जल्दी आंख नहीं खोल पाते हैं। बिच्छू, बच्चा देने के बाद दूसरा बच्चा नहीं देती है। एक बिच्छू एक बार में सौ बच्चे तक देती है। वह अपने बच्चों को अपने से अलग नहीं करना चाहती है, कहां जाएंगे, भटक जाएंगे, शिकार न बन जाएं तो संभाल कर पीठ पर ही लादे रखती है, इतना प्रेम होता है। पीठ पर सब बच्चों को बैठाए, लादे रहती है। जब बच्चों का मुंह खुलता है तो उनको (बिच्छू के बच्चों को) वही अपनी (माँ की पीठ) दिखाई पड़ती है तो बिच्छू को उसके बच्चे ही खा जाते हैं। कलयुग के प्रथम सन्त कबीर साहब ने बहुत समझाया, कहा- कबीर गुरु की भक्त बिन, राजा गधा होए, माटी लदे कुम्हार की घास न डाले कोए। कबीर गुरु की भक्त बिन, नारी कुकरी होए, गली गली भूकत फिरत, थूक न डाले कोई। कबीर गुरु की भक्त बिन, बेटी बिच्छू होए, जन्म देत ही अपना जीवन खोए।

**शाकाहारी और मांसाहारी जीवों में अंतर**-मांसाहारी जानवरों का दांत एक बार जमता है और जीवन भर रहता है। मनुष्य के बच्चे का दांत एक बार जमता, निकलता है, फिर बाहर हो जाता है फिर दूसरा मुंह में जमा होता है। चाहे घोड़ा, गधा कोई भी शाकाहारी जानवर हो, (सामने) मांस डाल दो, सूँघ करके छोड़ देते हैं। आदमी भले ही कुछ न सूंघे, सब खाता दबाता चला जाए, लेकिन वह छोड़ देते हैं। शाकाहारी के, आदमी के भी दांत चपटे होते हैं। मांसाहारियों के दांत नुकीले होते हैं। बाहर से पहचान के लिए कुदरत ने बाहर निकले दो दांत बना दिए। जिनके दांत बाहर से निकले हो समझ लो खतरनाक है। यह कहीं नोच लेंगे आपको। यह मांसाहारी होते हैं। इसलिए इनसे खतरा है, दूर रहो। उनके दांत नुकीले होते हैं। उनमें जबड़ा, जिसमें से दांत निकलता है, वो नहीं होता है। इसलिए आदमी जिसके जबड़ा होता है, वो मुंह (दाएं-बाएं) घुमा करके खा लेता है। आसमान को मांसाहारी (ऐसे मुंह उपर उठा कर) नहीं देख सकते हैं। बैठे-बैठे आदमी पीछे मुंह करके गर्दन घुमा करके देख सकता है। लेकिन यह नहीं देख सकते हैं। आदमी मुंह बंद करके खा सकता है। मांसाहारी जानवर मुंह बंद करके खा नहीं सकते हैं क्योंकि इनका मुंह ऊपर-नीचे ही होता है। यह तो नोचे, चप-चप खोदे, खाए और निगल गए। पानी कम पीते हैं। लावारिस जैसे तो पानी कहां मिलता है? बहुत दूर जानवर निकल गए तो नदी कहां मिलेगी। वहां जंगल में नहीं है तो ये कैसे जीते हैं? जैसे कुत्ते को गर्मी के महीने में पानी नहीं मिलता है तो जीभ बाहर निकालता-अंदर करता है। हवा में मौजूद नमी से पानी ले लेते हैं। उसमें सारे तत्व समाए हुए हैं तो हर तत्व में हर तत्व समाए हुए हैं। तत्व से यह तत्व बनते हैं, तत्व में यह मिल जाते हैं। आदमी को पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है। मनुष्य को पसीना ज्यादा आता है। उनको पसीना नहीं आता है। मांसाहारी के बच्चे पेट में जल्दी बनकर पैदा हो जाते हैं। मनुष्य के बच्चे 9 महीने मां के पेट में बनकर के बाहर निकलते हैं। तो यह सब पहचान है। तो जीवों पर दया करो, शाकाहारी बनो और बनाओ।

# सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति अत्यंत सुंदर दिव्य अनुभूति है

कभी सोचा है इस धरती पर सभी कार्य कैसे कार्यान्वित होते हैं जितनी भी सारी जीवंत क्रियाएं होती है वह सभी परमात्मा के सर्वव्यापी शक्ति से ही कार्यान्वित होती हैं। सहज योग सह अर्थात साथ, ज अर्थात जन्मी हुई, योग अर्थात सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ना। मनुष्य के जन्म के साथ ही उसके साथ एक शक्ति जन्म लेती है। यह कुंडलिनी नामक शक्ति मनुष्य के रीढ़ की हड्डी के नीचे त्रिकोण आकार अस्थि के अंदर सोई हुई अवस्था में रहती है। सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार के बाद कुंडलिनी शक्ति मनुष्य के मध्य नाड़ी से सातों चक्रों को पार करके तालु अस्थि का भेदन करती है और परम चैतन्य से इसका मिलन होता है। तब योग घटित होता है हम हाथों की हथेलियों पर और सिर के तालू भाग पर शीतल चैतन्य लहरियों के रूप में इसकी अनुभूति करते हैं। यही आत्मसाक्षात्कार है यह अत्यंत सुंदर दिव्य अनुभूति है। परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी के माध्यम से 1970 में मानवीय चेतना के इतिहास में पहली बार सामूहिक स्तर पर प्रयत्न रहित आत्मसाक्षात्कार का अनुभव संभव हुआ जिसे सहजयोग के नाम से जाना जाता है। धरती पर कण-कण में परमात्मा का अंश है। मनुष्य, प्राणी, पेड़ पौधे, सभी परमात्मा की शक्ति से ही कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक आत्मा में परमात्मा का ही प्रतिबिंब है और जब आत्मा परमात्मा की शक्ति से एकाकार होती है, तब आत्मा का प्रकाश अपने चित्त पर प्रकाशित होता है और सभी देवी देवताओं की शक्ति हमारे अंदर कार्यान्वित होती है। ध्यान धारणा से हम सत्य की ओर चलते हैं और निर्विचार स्थिति प्राप्त करके एक आनंददाई स्थिति में चले जाते हैं। कई जन्मों के बाद हमें इस जन्म में श्रीमाताजी की कृपा से सहजयोग प्राप्त हुआ योगी के मुख पर एक तेज निखरता है यही जीवन का सत्य है, आत्मा से परमात्मा तक का मिलन है।



साथ ही इस योग की साधना के पश्चात् शारीरिक व्याधियों से भी मुक्ति मिलती है और आप सभी बंधनों से मुक्त हो स्वतंत्रता का आनंद लेते हैं। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# जीवों पर दया भारतीय संस्कृति की परंपराः शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन से सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ एवं जीव दया की स.स. शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि जीवों पर दया करना हमारा राष्टीय कर्तव्य है, राष्टीय कर्तव्य को भूलकर हम अपने राष्ट को उन्नत नहीं कर सकते। पशु-पक्षी देश की अमूल्य सम्पदा हैं। इनसे ही धरती की हरियाली सुरक्षित रहेगी, ये पशु जीवित रहेंगे तो यह धरती प्रसन्न रहेगी, पशुओं को मारकर धरती को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। हमारा कर्तव्य है कि हम इन सभी पशु-पक्षियों की रक्षा करें, इनको मारें नहीं, इनको सतावें नहीं, इनको अपनी शरण दें, सेवा करें, इनकी रक्षा करें, वास्तव में यही सच्ची धार्मिकता है। प्राचीन मानवाधिकार काउंसिल सदस्य एवं गौ भक्त जिला संरक्षक भारतीय गौ रक्षक संगठन डॉ एच सी विपिन कुमार जैन ने कहा कि प्राणी मात्र के प्रति दया व प्रेम भाव रखने से ही मानव मात्र का कल्याण होगा। अपने व पराए की भावना का त्याग करते हुए जीव मात्र के प्रति दया और प्रेम भाव से सौहार्द का वातावरण बनेगा ।तभी सभी का कल्याण होगा। मां सरस्वती शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष डॉ कंचन जैन, संरक्षक राकेश दक्ष एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, आलोक मित्तल एडवोकेट, सागर उपाध्याय एडवोकेट, रामबाबू वर्मा एडवोकेट, गौ भक्त जिला संरक्षक महिला भारतीय गौ रक्षा संगठन डॉ एच सी अंजू लता जी, शालू सिंह एडवोकेट, सुनीता जी आदि ने कहा कि जीव दया द्वारा गोवंश को लंपी रोग से बचाने के लिए लगभग 400 गोवंश का टीकाकरण कराया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश जी, डॉ विराम वार्ष्णेय, डॉक्टर संदीप शर्मा, डॉ अनिकेत जी, वर्ल्ड एनिमल प्रोडक्शन के कंट्री हेड गजेंद्र कुमार शर्मा जी, आशा सिसोदिया जी निशांत गुप्ता एवं जीव दया फाउंडेशन के सभी वॉलिंटियर्स का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि जीव जंतुओं के साथ दया दिखानी चाहिए। न जाने कितने ही लोग कुत्ता, बिल्ली एवं अन्य जानवर और पक्षी आदि को बेचने का व्यवसाय करते हैं। पक्षियों को व्यवसाय के चलते छोटे-छोटे पिंजरों में कैद कर दिया जाता है। मानवता के नाते कहां तक उचित है।






# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू आने का केंद्रीय मंत्री को दिया स्नेह निमंत्रण

**पोरसा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधी नगर पोरसा के मुख्य सेवा केंद्र के द्वारा हेलीपेड पर पहुंचकर भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर जी को ईश्वरीय परिचय देते हुए ब्रह्माकुमारी रेखा बहन केंद्र प्रभारी ने माननीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी को परमपिता परमात्मा का स्मृति चिन्ह भेंट किया और हेड क्वार्टर माउंट आबू में स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान के बारे में भी परिचय कराया माउंट आबू आने का भी स्नेह निमंत्रण दिया इस अवसर पर विधायक कमलेश जाटव भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता बीके पूनम बहिन पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष कंचन चौहान संदीप उपाध्याय सोमेश तोमर अन्नु गुप्ता कल्लू वर्मा संदीप उपाध्याय अरविंद तोमर सतीश तोमर पातीराम नरवरिया कमल जाटव पवन शर्मा रमाकांत शर्मा लता सोनू श्रीवास्तव सभी भाजपा के वरिष्ठ नेतागण आदि उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक नैकहाई युद्ध भूमि पर 8 अक्टूबर को होगी पितृ पूजन श्रंद्धाजलिः लाल बहादुर सिंह

रीवा। रीवा राज्य की ऐतिहासिक युद्ध भूमि नैकहाई में अपने प्राण न्यौछावर करने वालें पूर्वजों की पितृपक्ष में श्राद्ध व श्रंद्धाजलि कार्यक्रम का आयोजन 8 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें आप सभी प्रबुद्धजन पत्रकार साथी अमर शहीद पूर्वजों के वंशज सादर आमंत्रित हैं नैकहाई ऐतिहासिक युद्ध भूमि के संयोजक पूर्व जनपद अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह रायपुर कर्चुलियान के नेतृत्व में सम्पन्न होगा। आप सभी लोगों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर पूर्वजों के श्राद्ध व श्रंद्धाजलि कार्यक्रम में शामिल हो।



# बहुभाषी होना पत्रकारिता की अति आवश्यक है : शंभूनाथ शुक्ला

रीवा। माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवम् संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में पत्रकारिता- कल आज और कल विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के बतौर दैनिक जागरण, जनसत्ता, अमर उजाला के संपादक रह चुके देश के मूर्धन्य पत्रकार लेखक संपादक श्री शंभूनाथ शुक्ला का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। श्री शुक्ला ने पत्रकरिता के इतिहास 200 सालों के इतिहास से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए बताया कि पत्रकारिता का आरंभ भारत में सूचनाओं के आदान-प्रदान व लोगों को आपस में जुड़ने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से हुआ था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक बेहतर बनाने हेतु आपको बहुभाषी बनना होगा। हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं का ज्ञान होना नितांत अनिवार्य है, साथ ही अन्य भाषाओं का ज्ञान हो तो और भी बेहतर है। आज नागरिक पत्रकारिता का समय है हर पाठक पत्रकार के तौर पर खबर देखता है। जो जनता के साथ खड़ा होता है। ऐसा में पक्षपतपूर्ण पत्रकारिता नहीं चल सकती। पत्रकारिता क्षेत्र की आधुनिक चुनौतियों को देखते हुए वर्तमान में पत्रकारिता के विद्यार्थी को जॉब मांगने के बजाय जॉब देने वाला बने। सोशल मीडिया विशेषकर यू-ट्यूबर के स्टार्टअप में ज्यादा खर्च नहीं आता है। यूट्यूब चैनल बनाकर आज के दौर में माइक्रो लेवल की पत्रकारिता कर अच्छी आय कमाई जा सकती है। इस अवसर में शंभूनाथ ने विद्यार्थियों की मीडिया संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अकादमिक प्रभारी डॉ. सूर्य प्रकाश ने व्याख्यान के विषय से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इससे पूर्व परिसर के पूर्व छात्र बृजेश पाण्डेय ने मुख्यवक्ता शंभूनाथ शुक्ल के जीवन व्यक्तित्व और कृतित्व से विद्यार्थियों को परिचित कराया। इस कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. सुनीत कुमार तिवारी ने और आभार राकेश येंगल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर व्याख्याता कपिल देव प्रजापति, हर्ष तोमर, डॉ. आलोक पाण्डेय, कुष्ण कुमार सक्सेना, तान्या गुप्ता, सुमन मिश्रा के साथ जनसंचार एवं पत्रकारिता के विद्यार्थी मौजूद थे।



## बॉलीवुड फिल्मों की खबरें

# फिल्म यारियां 2 प्रमोशन

यारियां 2 कॉमिक बुक लॉन्च करने से लेकर खाउ गली का आनंद लेने और डांसिंग कॉप के साथ थिरकने तक- 3 कारण जिनकी वजह से दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी और मिजान जाफरी का इंदौर प्रमोशन अब तक का सबसे अच्छा था। दिव्या खोसला कुमार, पर्ल वी पुरी और मिजान जाफरी निर्देशक राधिका रआो और विनय सप्रू के निर्देशन में बनी फिल्म यारियां 2 प्रमोशन के सिलसिले में इंदौर पहुंचे और यारियां 2 के कजिन्स के लिए यह प्रमोशनल एक्टिविटी बहुत ही मजेदार रहा क्योंकि उन्होंने शहर के छप्पन मार्किट में लोकल फ्रूड का जमकर आनंद लिया। इतना ही नहीं इंदौर के एक लोकल कॉलेज में यारियां 2 की कॉमिक बुक भी लांच किया और फिर वहां के लोकप्रिय डांसिंग पुलिस वाले के साथ जमकर डांस भी किये। इंदौर में दिव्या, पर्ल और मिजान ने कॉलेज के छात्रों के बीच एक विशेष यारियां 2 कॉमिक बुक लॉन्च की। जब उन्होंने उत्साहित भीड़ के साथ बातचीत की, तो चचेरे भाई-बहन उन दिनों को याद करते हुए, कॉलेज के दिनों की कुछ यादें भी जीते दिखे। यारियां 2 कॉमिक प्रतिलिपि द्वारा टी-सीरीज़ के सहयोग से बनाई गई है। इंदौर शहर के दौरे के दौरान, यारियां 2 चचेरे भाई भी अपने खाने के शौकीन रुख पर खरे उतरे। उन्होंने इंदौर की प्रसिद्ध खाऊ गली, छप्पन मार्केट का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखा और उन पलों का आनंद लिया।





पिछले कुछ वर्षों में, इंदौर ने अपने प्रसिद्ध ट्रैफिक पुलिस कर्मी डांसिंग कॉप के नाम से लोकप्रियता हासिल की है।कर्मियों में से एक के लिए भी लोकप्रियता हासिल की है। टीम यारियां 2 ने डांसिंग कॉप के साथ डांस कर खूब आकर्षण हासिल किया लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अपनी खुशी जाहिर की। यारियां 2 कजिन्स भी अब से दो हफ्तों में दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। वे सभी तैयार हैं, क्या आप हैं। इस फिल्म में दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन, प्रिया वारियर और पर्ल वी पुरी हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत करते हैं टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की यारियां 2। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी ने किया हैं। ये फिल्म राधिका राव और विनय सप्रू द्वारा निर्देशित हैं।

# माया सिंह ने मुन्नालाल के विरोध पर कहा– वह भाजपा के साथ, कांग्रेस बोली– 17 को पता चलेगा

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर समर्थक मुन्नालाल गोयल का टिकट कटने के बाद ग्वालियर पूर्व विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माया सिंह पहली बार विरोध पर बोली हैं। उन्होंने कहा कि नाराज तो घर में बच्चे भी हो जाते हैं। यह सब अपने लोग हैं। उन्होंने कहा कि मैं खुद उनके घर गई थी, कोई बात अब नहीं है, वो बहुत अच्छे हैं और पार्टी में उनका सम्मान है। माया सिंह ने कहा कि जब वे सरकार में मंत्री थीं तो पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कई काम हुए, लेकिन इसके बाद सब ठप पड़ गया।

उधर सामने कांग्रेस के प्रत्याशी डा. सतीश सिंह सिकरवार का कहना है कि 17 नवंबर को मतदाता सब बता देगा। नामांकन दाखिले के दौरान बयान दिया था कि भाजपा पत्ते की तरह उड़ जाएगी। बुधवार को माया सिंह ने सांसद विवेक शेजवलकर की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया।

**मुन्नालाल गोयल हुए थे नाराज**–बता दें कि ग्वालियर पूर्व विधानसभा में टिकट के दावेदार मुन्नालाल गोयल का टिकट कटने के बाद मुन्नालाल ने नाराजगी जताई। यहां से भाजपा ने भाजपा सरकार में मंत्री रह





चुकीं माया सिंह को टिकट दिया है। टिकट कटने के बाद मुन्नालाल ने यह भी कहा था कि वफादारी में गला कटने का इनाम मिला है। वफादारी अब समझ आ रही है। मुन्नालाल के समर्थकों ने टिकट घोषणा के बाद नाराज होकर बारादरी चौराहे पर हंगामा व चक्काजाम किया था, जिसमें अज्ञात आरोपितों पर एफआइआर भी दर्ज की गई है। अगले दिन मुन्नालाल समर्थक महल पहुंच गए थे, जहां केंद्रीय मंत्री सिंधिया की गाड़ी रोकी और कार्यकर्ता पैरों में लेट गए थे। इसके बाद सिंधिया के समझाने पर मुन्नालाल गोयल मान गए और कहा कि भाजपा नहीं छोड़ेंगे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समझाने पर भाजपा नेता मुन्नालाल गोयल फिलहाल मान तो गए हैं, लेकिन अंसतोष के संकेत अब भी हैं। अपने समर्थकों के बीच मुन्नालाल गोयल ने कहा था कि वह भाजपा नहीं छोड़ेंगे और यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया था कि वह नाराज नहीं है। अब सिंधिया गुरुवार को गोयल वाटिका में शाम को दोबारा मुन्नालाल गोयल और समर्थकों के बीच जाकर चर्चा करेंगे। यह तो लगभग साफ है कि डैमेज कंट्रोल अब भी जारी है।

**क्यों ऐसी स्थिति**–पूर्व विधानसभा में सड़कें नापने वाले मुन्नालाल गोयल टिकट मिलने को लेकर आश्वस्त थे, वह पूर्व विधानसभा में वर्तमान विधायक से भी ज्यादा सक्रिय रहने के लिए आगे आगे रहते थे। अब टिकट कट गया तो झटका लगा और पिछले पांच साल से सक्रिय राजनीति से दूर बैठीं-बैठीं महल से माया सिंह को पार्टी ने टिकट पकड़ा दिया।

# केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा– विरोध कांग्रेस का नहीं है, देश को तोड़ने वाली मनोवृत्ति का है



**, ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारा विरोध कांग्रेस से नहीं है बल्कि वर्तमान में देश की तोड़ने वाली व सनातन धर्म का नाश करने का सोच रखने वाली मनोवृत्ति का है। सोमवार को पूरा देश दुर्गानवमी पर आदिशक्ति की आराधना करते हुये कन्या पूजन कर रहा था, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कई स्थानों पर कन्या पूजन किया।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इसे नोटंकी बताकर एक बार फिर अपनी मानसिकता का उजागर किया है। मंत्री तोमर ने यह बात स्टेशन के पास स्थि होटल एंबियस में संभागीय मीडिया कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुये कही। इस अवसर पर पूर्व मंत्री माया सिंह, जयभान सिंह पवैया, नारायण सिंह कुशवाह, प्रधुम्न सिंह तोमर प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल व नवनियुक्त संभागीय मीडिया प्रभारी राजलखन मौजूद थे।

**उपलब्धियों की बजाय असत्य पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस**–केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है। लोकतंत्र का धर्मयुद्ध शुरू हो गया है। विश्व की सभी बड़ी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चुनावी समर में मोर्चा संभाल लिया है। जीत धर्म की तय है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि 2003 से पहले प्रदेश में और 2014 से पहले केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। चुनाव में कांग्रेस अपनी सरकारों को उपलब्धियां नहीं गिना पा रही है क्योंकि उपलब्धियों के नाम पर उसकी झोली खाली है।

तोमर ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में अंधोसंरचना का कार्य थम सा गया था। कांग्रेस असत्य और अधर्म का सहारा लेकर सरकार बनाने का सपना देख रही है। टिकट को लेकर मचे घमासान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा में उम्मीदवारी के लिए जीत के पात्र एक नहीं कई दावेदार थे, किंतु टिकट एक को ही मिलता है। जब उम्मीदें टूटती हैं, तो नाराजगी होती है। किंतु अब कोई नाराज नहीं हैं। सब पार्टी को जीतने के लिये एक जुट हैं।

**मीडिया फ्रेंडली सेंटर होगा**–केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने मीडिया सेंटर के बारे में बताया कि यह मीडिया सेंटर ही नहीं बल्कि फ्रेंडली सेंटर होगा। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार ने जनकल्याण के जो काम किए हैं, उन्हें मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का काम यह मीडिया सेंटर करेगा।

# भारत सिंह पर ढाई करोड़ की संपत्ति, सतीश भरते हैं मात्र 5 लाख का रिटर्न



ग्वालियर(नप्र)। विधानसभा निर्वाचन-2023 में मैदान में उतरे प्रत्याशियों के पास जमीन-जायदाद और सोना-हथियार भरपूर है। सोमवार को नवमी से भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों के नामांकन दाखिले का सिलसिला शुरू हो गया जिनके शपथ पत्रों में ऐसी कई जानकारियां सामने हैं। भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह और कांग्रेस प्रत्याशी सतीश सिंह सिकरवार ने नामांकन दाखिल किए। भाजपा के ग्वालियर ग्रामीण से प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह करोड़पति तो हैं ही, साथ ही सोने-चांदी के जेवरातों के भी शौकीन हैं। 12वीं पास भारत सिंह के पास चल-अचल संपत्ति मिलाकर लगभग ढ़ाई करोड़ की संपत्ति है, वहीं पत्नी के पास भी एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव-2018 की तुलना में लगभग दोगुना से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई हैं। इधर कांग्रेस से ग्वालियर पूर्व के प्रत्याशी सतीश सिंह सिकरवार एलएलएम-पीएचडी हैं और पिस्टल-रिवाल्वर जैसे तीन हथियारों के शौकीन हैं। सतीश भी करोड़पति हैं।

# दिन का पारा सामान्य से कम और रात का अधिक हो रहा दर्ज



ग्वालियर. । जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव धीरे-धीरे कम होने के कारण हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी हो गया है। इसके चलते दिन और रात के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। अभी तक के सीजन में रात का तापमान सबसे कम दर्ज किया गया। यह 16.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पहले 19 अक्टूबर को तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा, जिसके कारण तापमान में धीरे-धीरे हल्की गिरावट दर्ज की जाएगी। रात के समय अब ठंडक में बढ़ोतरी होगी। बोली- 17 को पता चलेगास्क्क हृद्द2ह्य~ माया सिंह ने मुन्नालाल के विरोध पर कहा- वह भाजपा के साथ, कांग्रेस बोली- 17 को पता चलेगाफिलहाल ग्वालियर-चंबल के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली मौजूद नहीं है। इसके चलते मौसम शुष्क है। दिन में तेज धूप खिलने के कारण गर्मी का अहसास हो रहा है। अक्टूबर के महीने में भी लोगों के माथे पर पसीना नजर आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में अरब सागर में चक्रवाती तूफान और बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, लेकिन इन मौसम प्रणालियों का बहुत ज्यादा प्रभाव ग्वालियर-चंबल संभाग सहित मध्यप्रदेश में नहीं है। इसलिए यहां फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा। धीरे-धीरे ठंडी हवाओं की तीव्रता बढ़ेगी, जिससे रात के तापमान में और गिरावट होगी। दीपावली से पहले रात में गुलाबी ठंड की शुरुआत हो जाएगी। इससे पहले सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। रविवार की तुलना में सोमवार को अधिकतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह औसत से 0.7 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं रात का तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि यह औसत से 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। अभी रात का तापमान 16 से 17 डिग्री सेल्सियस के बीच ही बना रहेगा।

# मंदिर से लौट रही महिला को बातों में उलझा कर गहने ठगे




ग्वालियर. प्रतिदिन घर से मंदिर दर्शन करने जाने वाली वृद्ध महिला को बातों में उलझा कर धोखाधड़ी कर दो लोगों ने महिला से सोने की चेन अंगूठी एवं टॉप्स पूजा की टोकरी में रखवा कर और टोकरी लेकर रफू चक्कर हो गए। घबराई हुई महिला ने घर पहुंच कर इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने सिटी थाना आकर पूरी बात बताई और शिकायत दर्ज कराई पुलिस सीसीटीवी कैमरा के आधार पर खोजने का कर रही प्रयास। डबरा के स्वयंवर लॉज के पास रहने वाली किशोरी बाई पत्नी शिवराम पाठक उम्र 70 वर्ष प्रतिदिन की भांति आज सोमवार को अपने घर से कमलेश्वर कॉलोनी स्थित मंदिर दर्शन करने गई थी। और दर्शन कर वापस थाने के पीछे वाली रोड से लौट रही थी तभी दो लोगों ने उन्हें रास्ते में धमका कर सोने की चेन ,अंगूठी और टाप्स बातों में उलझा कर पूजा की टोकरी में रखवा दिए और टोकरी ले गए।विस चुनाव के बाद आएगा स्वच्छ सर्वेक्षण का रिजल्टस्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत तीन चरणों का सर्वे शहर में पूरा हो चुका है। इसमें सिटीजन फीडबैक, वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी का सर्वे शामिल है। शहर में स्वच्छता की लगभग 90 प्रतिशत परीक्षा पूरी हो चुकी है। इसके बाद स्वच्छ सर्वेक्षण का परिणाम घोषित किया जाएगा। हालांकि संभावना जताई जा रही थी कि 19 नवंबर को परिणाम घोषित किए जा सकते हैं,

# मध्य प्रदेश विधानसभा में सबसे मुखर भाजपाई, रामपाल व यशपाल ने पूछे सर्वाधिक प्रश्न: रिपोर्ट

**140 विधेयक सदन में पेश किए गए 127 विधेयक पास हुए**



**भोपाल ।** आमतौर पर सदन में विपक्षी दल सत्ता पक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ता, पर जब बात प्रश्न पूछने की आती है तो इसमें सत्ता पक्ष वाले भाजपाई ही सबसे ज्यादा मुखर हैं। 15 वीं विधानसभा में सर्वाधिक प्रश्न पूछने वाले शीर्ष पांच विधायकों में चार भाजपा और एक कांग्रेस के हैं। भाजपा के रामपाल सिंह ने 390, यशपाल सिंह सिसोदिया ने 387, उमाकांत शर्मा ने 381, राजेंद्र पांडेय ने 377 प्रश्न पूछे।कांग्रेस के डा. हीरालाल अलावा 383 प्रश्न पूछकर तीसरे नंबर पर रहे। यह जानकारी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की विधानसभा में विधायकों की प्रदर्शन रिपोर्ट में सामने आई है। दलबार विधानसभा में औसत प्रश्न करने में बसपा की स्थिति सबसे अच्छी है। इसके प्रति सदस्य 143 प्रश्न हैं।प्रति सदस्य 132 प्रश्न के साथ कांग्रेस दूसरे, सपा (प्रति सदस्य 101) तीसरे स्थान पर रही। कांग्रेस के एक सदस्य ने औसतन 93 प्रश्न किए। बता दें कि 15वीं विधानसभा में लगभग 15 माह कांग्रेस की सरकार रही। सदन में कुल 140 विधेयक पेश किए गए, जिसमें 127 (91 प्रतिशत) पास हुए।विधानसभा में उपस्थिति के मामले में भी बसपा सबसे अच्छी और कांग्रेस सबसे खराब स्थिति में है। बसपा विधायकों की औसत उपस्थिति 65 दिन, सपा की 65, भाजपा की 130 और कांग्रेस की 127 दिन रही। सर्वाधिक उपस्थिति भाजपा विधायक रामपाल सिंह और यशपाल सिसोदिया की (96 प्रतिशत) रही।नगरीय विकास विभाग के सर्वाधिक प्रश्न पिछले लगभग पांच वर्ष में सबसे ज्यादा 2205 प्रश्न नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पूछे गए। इसके बाद 2056 प्रश्न पंचायत एवं ग्रामीण विकास, 1997 राजस्व, 1769 स्कूल शिक्षा और 1676 लोक निर्माण विभाग के पूछे गए।

# ज्जैन में सड़क किनारे सो रहे श्वान पर चढ़ाई कार, राहगीर युवती की शिकायत पर केस दर्ज

उज्जैन। लक्कड़गंज में सड़क पर सो रहे एक आवारा श्वान पर एक युवक ने कार चढ़ा दी। इससे श्वान घायल हो गया। उसी दौरान वहां से गुजर रही युवती ने कार चालक के खिलाफ पुलिस को शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि 27 वर्षीय नजमा खान निवासी पटेल एवेन्यू आगर रोड सोमवार दोपहर अपनी मित्र सुरभि के मालीपुरा गई थी। यहां से दोनों किसी काम से जा रही थी। लक्कड़गंज से गुजरने के दौरान तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूबी 2545 के चालक शुभम ने सड़क किनारे सो रहे आवारा श्वान को कुचल दिया। इससे श्वान घायल हो गया। इस पर नजमा ने कोतवाली थाना पुलिस को इसकी शिकायत की थी।


# कार को टक्कर मार हवा में झूली बस, 35 फीट नीचे गिरे आइआइटी प्रोफेसर

खंडवा रोड़ पर मंगलवार रात बड़ी घटना हुई।यात्री बस ने आइआइटी प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार 35 फीट नीचे जाकर अटक गई।बस भी खाई के किनारे हवा में झूलने लगी। बस सवारियों से खचाखच भरी थी। कार में प्रोफेसर की पत्नी(रासायनिक वैज्ञानी) और दो बच्चे भी थे।डीएसपी(मुख्यालय)उमाकांत चौधरी के मुताबिक घटना सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित बाबा चौपाटी के पास की है।बस(एमपी 10पी 1235) इंदौर से भीकनगांव जा रही थी। बस काफी तेज रफ्तार में थी। जैसे ही मौड़ पर पहुंची सामने से आ रही कार(एमपी 09डब्ल्यूई 6127) को टक्कर मार की। कार में सनजराम बिराचंद्रा खाड़नका,उनकी पत्नी ललिता आचार्य,बेटे सनजराम लूहन और सनजराम निशान बैठे थे।टक्कर से कार 35 फीट नीचे चली गई।बस रेलिंग से टकरा कर हवा में झूल गई। डीएसपी के मुताबिक सिल्वर स्प्रिंग कालोनी निवासी बिराचंद्रा आइआइटी में प्रोफेसर है। उनकी पत्नी ललिता रासायनिक वैज्ञानी है। वो साथी प्रोफेसर अखिल के साथ चिड़यिबदक(खंडवा) घुम कर लौट रहे थे।अखिल की कार आगे निकल गई थी। बस का चालक आगे निकलने की होड़ में आगे चल रहे वाहनों को ओवरटेक करना चाह रहा था।वह गलत दिशा में घुसा और प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी।




**कार के एयरबैग खुलने से बचा प्रोफेसर का परिवार**–बिराचंद्रा के मुताबिक कार गहरी खाई में जाकर अटक गई थी। सीट बेल्ट के कारण एयरबैग खुल गए थे। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मदद करने आ गए। अखिल द्वारा सूचना देने पर आइआइटी का सिक्यूरिटी स्टाफ भी मदद करने आ गया। यात्रियों ने भी मदद की और पत्नी व बच्चों को बाहर निकाल लिया। बिराचंद्रा को सिर में चोट आई है। ललिता के हाथ में फ्रेक्चर है।बच्चे भी मामूली घायल हुए है।

# 76 की जांच में 40 संक्रमित निकले




ग्वालियर डेंगू का खतरा बना हुआ हैं। डेंगू का मच्छर बच्चों सेलेकर बुजुर्गो तक को अपना शिकार बना रहा है। हालात यह हैं कि 176 लोगों की जांच में 40 संक्रमित मिले हैं। जिसमें 11 ग्वालियर जिले के बताए गए तथा बाकी के मरीज दूसरे जिले के हैं। डेंगू की आक्रामकता बढ़ती जा रही है। डेंगू मरीजों का आंकड़ा 1300 पार हो चुका है। जो यह बता रहा है कि डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है इसलिए सावधानी रखें और सतर्क रहें। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि घर के आसपास साफ पानी जमा न होने दें। क्योंकि साफ पानी में लार्वा पनपता है। यहां मिले मरीज~ भितरवार,शिंदे की छावनी, कृष्णा कालोनी,पुरानी छावनी,नई बस्ती,प्रसाद नगर, कुशवाह मोहल्ला,चीनौर,लक्ष्मण तैलया आदि स्थानों पर मरीज मिले हैं। इसके अलावा दतिया,भिंड ,मुरैना,शिवपुरी आदि जिलों के मरीज भी संक्रमित मिले हैं। शहर में उन्हीं स्थानों पर मरीज आ चलेगा

**शहर में कराया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव**–संक्रामक एवं डेंगू-मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डो में फागिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिससे हमारा शहर डेंगू के प्रकोप से बच सके। इसी क्रम में सोमवार को निगम के अमले ने वार्ड 61 और 62 के विभिन्न ग्रामों, चंदनपुरा, लधेड़ी, आनंद नगर, घोसीपुरा, जनकताल के आसपास, सिकंदर कंपू, गुढ़ी-गुढ़ा का नाका, पिंटो पार्क, दीनदयाल नगर, आदित्यपुरम, मुरार, थाटीपुर, गिरवाई, समाधिया कालोनी, गोल पहाड़िया सहित विभिन्न क्षेत्रों में फागिंग का कार्य कराया गया।

**सीवर समस्या के लिए करें कंट्रोल रूम पर शिकायत**–निगमायुक्त हर्ष सिंह के निर्देश पर शहर में सीवर समस्या के निदान के लिए नगर निगम ने कंट्रोल रूम का गठन किया है। सीवर समस्या से जुड़ी शिकायत का निराकरण कराने के लिए कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। नोडल अधिकारी सीवर लल्लन सेंगर ने बताया कि सीवर चैंबर सफाई की सतत निगरानी के साथ ही शहरवासी सीवर समस्या से संबंधित शिकायत कर सकें, इसके लिए नंबरों 9516005118 व 7089003178 पर सीवर समस्या की शिकायत कर सकते हैं।

# आठ बार के विधायक गोपाल भार्गव के पास नहीं है एक भी कार, केवल 50 ग्राम सोना



सागर। एमपी सरकार में कैबिनेट मंत्री व रहली भाजपा प्रत्याशी गोपाल भार्गव ने बुधवार को नामांकन दाखिल किया। भरे गए शपथ पत्र के अनुसार व आठ बार के विधायक भार्गव के पास केवल 50 ग्राम सोना है। वहीं उनकी पत्नी के पास जेवर के नाम पर 350 ग्राम सोना व चार किग्रा चांदी है।ले लाठी-डंडे

**भार्गव के पास कितना है नकदी**–गोपाल भार्गव के पास 1 लाख 25 हजार रुपये नकद हैं तो उनकी पत्नी के पास 90 हजार रुपये हैं। भार्गव के बैंकों खातों में दो करोड़ 69 लाख रुपये 28 हजार 273 रुपये जमा हैं। उनकी पत्नी रेखा भार्गव के पास चार लाख 2 हजार 980 रुपये बैंक बैलेंस हैं। भार्गव के नाम पर जहां 29.25 एकड़ जमीन है। वहीं उनकी पत्नी के नाम 27.35 एकड़ जमीन है। पत्नी गृहिणी के साथ किसान भी हैं।

**भार्गव के पास नहीं है वाहन**–र्गव के पास वाहन कोई नहीं है। उन्हें विरासत में कोई संपत्ति नहीं मिली। भार्गव का गढ़ाकोटा के नाम से बजरंग वार्ड के अलावा भोपाल में भी 1431 वर्ग फीट का मकान है। इस पर एक हजार में भवन का निर्माण है। वहीं पत्नी के नाम विद्यापुरम मकरोनिया में मकान है। कर्ज के नाम पर गोपाल भार्गव पर केसीसी का 19 लाख रुपये का ऋष्टा यूनियन बैंक आफ इंडिया का है। भार्गव ने डा. हरीसिंह गौर विवि से 1974 में एलएलबी की डिग्री है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478